e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 316
शुक्रवार
22.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अकेले लड़ी जाती है जिंदगी की लड़ाई, लोग यहाँ तसल्ली देते है सहारा नहीं!

ताजा खबरों के लिए देखें

## झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : शिवराज



एग्जिट पोल के आंकड़ों पर झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता का श्रद्धा व विश्वास है।

**शिवराज ने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संसाधनों से भरपूर यहां खनिज संपदा, वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि झारखंड सचमुच में विकास और प्रगति के नए आयाम छू सकता है। मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब बीजेपी-एनडीए की सरकार बनेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा। मैं झारखंड की जनता, यहां के कार्यकर्ताओं का आभारी हूं उनका अद्भूत स्नेह और प्यार मिला है।उन्होंने कहा कि मन में ये ही भाव है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और मार्गदर्शन में झारखंड बढ़े और प्रगति करे। ये अमीर धरती है, यहां से गरीबी को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। मैं व्यक्तिगत रूप से अंतरआत्मा से झारखंड से जुड़ गया हूं। कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से भी झारखंड की जनता की जो सेवा हो सकेगी, वो करने का प्रयत्न करेंगे। इस अद्भूत प्रेम के लिए जनता को बारम्बार प्रणाम। एग्जिट पोल के आंकड़ों पर झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता का श्रद्धा व विश्वास है। जनता को पता है कि बीजेपी की सरकार ही उनके हित के लिए काम कर सकती है, इसलिए जनता ने बीजेपी को वोट दिया, एनडीए का साथ दिया। उन्होंने अंत में कहा कि एनडीए को शानदार बहुमत को मिलेगा। इसके बाद चौहान दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



### दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में सील: के रवि

*** सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत रहा 67.74**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गये हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय हो जाएगी। तीसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के जिम्मे होगा। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में कुल 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का फोकस इस बार समाज के हासिये पर खड़े लोगों को भी मतदान का हिस्सा बनाने पर था। इसके तहत सुदूर इलाके में जंगल-पहाड़ पर बसेरा करनेवाले से लेकर अलग-थलग रहनेवाले कुष्ठ पीड़ितों तक को योजनाबद्ध तरीके से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जामताड़ा के हांसीपहाड़ी स्थित स्नेहपुर में कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं के लिए बनाए गए विशेष मतदान केंद्र में सभी 57 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। सामुदायिक भवन के मतदान केंद्र (362 क) मिहिजाम स्थित स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम को सहायक मतदान केंद्र के रूप में गठित किया गया था।उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 8.30 बजे से इवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। पहले राउंड के मतगणना का रिजल्ट 9.30 बजे संभावित है।उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 207 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती हुई है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में कुल 100 केस दर्ज किये गये हैं।

### सीएम हेमंत ने मतगणना को लेकर किया बैठक



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 23 नवंबर को होने वाली विधानसभा चुनाव के मतगणना को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। अपने कांके रोड़ स्थित आवास पर मुख्यमंत्री ने मतगणना से पहले उम्मीदवारों से बातचीत कर वोटिंग को लेकर फीड बैक लिया। एक एक प्रत्याशियों से ऑनलाइन बात करते हुए हेमंत सोरेन ने उस सीट पर हुए वोटिंग के ट्रेंड पर विशेष चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जेएमएम उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान उन्हे काउंटिंग सेंटर और स्ट्रांग की विशेष निगरानी का निर्देश दिया। उन्होने वोटों की गिनती खत्म होने तक काउंटिंग सेंटर पर उम्मीदवार को बने रहने का निर्देश दिया। बैठक के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते

**मुख्यमंत्री ने जेएमएम उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान उन्हे काउंटिंग सेंटर और स्ट्रांग की विशेष निगरानी का निर्देश दिया। उन्होने वोटों की गिनती खत्म होने तक काउंटिंग सेंटर पर उम्मीदवार को बने रहने का निर्देश दिया।**

लिखा कि विधानसभा चुनाव में कल मतदान खत्म होने के बाद आज झामुमो परिवार के सभी प्रत्याशियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। सभी ने दिन-रात अपना खून-पसीना बहाकर कड़ी से कड़ी मेहनत की है।

## क्विक न्यूज

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जोधपुर दौरा

### हैण्डीक्राफ्ट कलाकृतियां देख हुए अभिभूत

**जोधपुर** : पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जोधपुर में दौरा जारी है। वे शुक्रवार को भी जोधपुर दौरे पर रहेंगे। उन्होंने गुरुवार को जोधपुर में हैण्डीक्राफ्ट उद्योग को देखा और कला कृतियों को देखकर काफी अभिभूत हुए। वे हैण्डीक्राफ्ट कारोबारी निर्मल भंडारी के यहां पर पहुंचे। भारी पुलिस जाब्ते के साथ पूर्व राष्ट्रपति कोविंद वहां पहुंचे। इसके बाद वे उम्मेद भवन पैलेस में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। वे शाम को बालसमंद लेक पैलेस जाएंगे। बाद में मेहरानगढ़ दुर्ग में भी कार्यक्रम में शरीक होंगे।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सुबह हैण्डीक्राफ्ट कारोबारी निर्मल भंडारी के शो रूम पर पहुंचे, जहां पर हैण्डीक्राफ्ट की कलाकृतियों भगवान गणेश और अन्य देवताओं की प्रतिमाओं को देख कर सराहा और अभिभूत हुए। पूर्व राष्ट्रपति राजस्थान की कला संस्कृति से काफी प्रभावित हुए। कारोबारी निर्मल भंडारी ने उन्हें हैण्डीक्राफ्ट उद्योग एवं एक्सपोर्ट के बारे जानकारी साझा की।

### रूस ने यूक्रेन पर दागी न्यूक्लियर अटैक वाली मिसाइल

**कीव :** कीव की वायुसेना के मुताबिक गुरुवार को रूस ने अपने दक्षिणी अस्त्राखान इलाके से यूक्रेन पर इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है. इससे पहले रूस की चेतावनी के बावजूद 19 और 20 नवंबर को यूक्रेन ने रूस पर अमेरिका और ब्रिटेन की मिसाइलों से हमला किया था.यूक्रेनी सेना ने यह जानकारी नहीं दी है कि रूस की इस ताकतवर मिसाइल ने किस टारगेट को निशाना बनाया और इससे क्या नुकसान हुआ है. हालांकि राष्ट्पति जेलेंस्की ने लोगों से दहशत न फैलाने का अनुरोध किया है. दरअसल हाल ही में वॉशिंगटन और लंदन ने यूक्रेन को अपनी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी.

### ओडिशा के मालकानगिरी में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, एक जवान घायल

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मालकानगिरी जिले के जिनेलगुडा के पास गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। इस दौरान एक जवान घायल हुआ है। ओडिशा पुलिस मुख्यालय के अनुसार घायल जवान की पहचान डंबुर बड़ नायक के रूप में हुई है। उनको निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पैर में दो गोलियां लगी हैं। ओडिशा पुलिस मुख्यालय ने इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार कुछ नक्सली छत्तीसगढ़ से साबेरी नदी पार कर मालकानगिरी की ओर बढ़ रहे थे। इसके आधार पर जवानों ने उस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों का का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान एक नक्सली मारा गया और एक जवान घायल हो गया।

### ट्रैक पर उतरने को तैयार है गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन, 7 स्टार होटल की सारी खूबियों से है लैस

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एक बार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली यह ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना होगी। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए एक केबिन है। 40 केबिन वाली इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। इस ट्रेन में यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम, आरामदायक बेड, शानदार टीवी, जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है। गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है, जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

## आतंकियों ने यात्री वाहन पर बरसाई गोलियां, 50 लोगों की मौत, 25 घायल



**एजेंसी**

**काबुल :** पाकिस्तान के लोअर कुर्रम में आतंकियों ने यात्रियों से भरे एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया. अंधाधुंध फायरिंग में 50 लोग मारे गए हैं. 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. इसमें कई महिलाओं के साथ ही पुलिस का एक अधिकारी भी है. बताया जा रहा है कि वाहन पाराचिनार से पेशावर जा रहा था. इस पर आतंकियों ने उचाट इलाके में घात लगाकर हमला किया.इस हमले को लेकर पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी का बयान आया है. उन्होंने कहा कि ये हमला बहुत दुखद है. जानमाल के नुकसान का हमें बहुत दुख है. आतंकियों ने कायराना हरकत की है. हमारा वादा है कि सरकार इस हमले को अंजाम देने वालों को बख्शेगी नहीं.लोअर कुर्रम आतंकी हमले के कुछ चश्मदीद सामने आए हैं, जिन्होंने दिल दहला देने वाली कहानी बयां की है.प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आतंकियों ने घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग की. इस वजह से वाहन में सवार लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला. इससे पहले लोग कुछ समझ पाते, लाशों का ढेर लग चुका था. बताया जा रहा है कि वाहन में सवार अधिकतर शिया मुसलमान थे. जिस कुर्रम जिले में ये हमला हुआ है, वहां हाल के महीनों में बहुसंख्यक सुन्नी और अल्पसंख्यक शिया मुसलमानों के बीच झड़प की कई घटनाएं हो चुकी हैं. इनमें दर्जनों लोगों मारे गए हैं. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई वाहन यात्रियों को लेकर खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर जा रहे थे. इस दौरान ही आतंकियों ने हमला किया.

## कोलकाता से पटना जा रही बस पलटी, सात यात्रियों की मौत, 25 से अधिक घायल

**मृतकों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की बताई जा रही है। बताया गया है कि विशाल कंपनी की यह बस (डब्ल्यूबी 76ए1548) कोलकाता से पटना जा रही थी। मंजिल पर पहुंचने से पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गई।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड के हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में गुरुवार सुबह कोलकाता से पटना जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक के घायल हो गए। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। घायलों में पटना निवासी ऋषभ केशरी, विकाश कुमार, रोहन कुमार, हल्दिया निवासी शोमैन सामंता, नंदिता मायती, मनीषा मायती, सुब्रोटो सामंता आईसीयू में भर्ती, रिजु राज, मालदा निवासी कृष्णा मंडल, रंजन दास का नाम शामिल है, जबकि सगुफ्ता प्रवीण, सुजीत उपाध्याय को रांची राजेन्द्र आयुर्वेद संस्थान (रिम्स)-बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। वहीं मृतकों में रिजवान अहमद, हुगली निवासी राज कुमारी प्रसाद, खलासी नालंदा निवासी इस्तेफाक अंसारी, तीन अज्ञात महिला व एक पुरुष की पहचान नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान निर्माता कंपनी ने सड़क काटकर छोड़ दिया है। इस कारण बस अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और गोरहर थाना की पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। मृतकों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार विशाल कंपनी की यह बस कोलकाता से पटना जा रही थी। मंजिल पर पहुंचने से पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। इसके बाद राहत और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार करवाया जा रहा है।

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात

**एजेंसी**

**कोलकाता** : बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय स्थिति बन चुकी है, जिससे मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में फेंजल नामक चक्रवात के बनने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण अंडमान और निकोबार के पास बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय दबाव क्षेत्र बन चुका है। इसके प्रभाव से आस-पास के क्षेत्रों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे तेज



होकर गहरे दबाव और फिर चक्रवात का रूप ले सकता है।मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा है कि चक्रवातीय दबाव अगले 24 घंटे में और मजबूत हो सकता है। समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की गति के चलते यह चक्रवातीय दबाव शनिवार या रविवार को मुख्य भारतीय भूभाग के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच सकता है। इसके चलते तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इसका असर पड़ सकता है। श्रीलंका के उत्तरी तटीय इलाकों में भी इसके प्रभाव की आशंका जताई गई है।

अगर यह चक्रवात पूर्ण रूप लेता है, तो इसे फेंजल नाम दिया जाएगा। यह नामकरण सऊदी अरब द्वारा किया गया है। इससे पहले अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में इसी क्षेत्र में बने दाना चक्रवात ने भारी प्रभाव डाला था, जिसका नाम कतर द्वारा दिया गया था।

## दिल्ली विस चुनाव के लिए आआपा की पहली सूची जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में जिन उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें छह ऐसे हैं, जो हाल ही में भारतीय जनता पार्टी या कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में होने हैं।

चुनाव आयोग की ओर से अभी विधानसभा चुनाव की घोषणा भी नहीं की गई है लेकिन उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आआपा की राजनीतिक मामलों की आज बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया।केजरीवाल ने पहले ही कहा था कि चुनाव के लिए टिकट काम और जनता की राय तथा उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के आधार पर वितरित किए जाएंगे। 2020 में हुए पिछले चुनावों में आआपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 62 पर जीत दर्ज की थी।

Asarfi Hospital, Dhanbad
1st TIME LIVER & KIDNEY TRANSPLANT CLINIC AT DHANBAD
IN ASSOCIATION WITH
MGM HEALTH CARE CHENNAI
Liver Transplant Specialist
Dr. Thiagarajan Srinivasan
MBBS, MS, DNB (Gastro Surgery)
Kidney Transplant Specialist
Dr. Vikram Sagar TV
MBBS, MRCP (UK), CCT in Renal Medicine (UK), FRCP (Edinburgh), FRCP (London)
Clinic Date : 27th Nov. (Wednesday), 11:00 AM Onward
7808368888 Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर थाना की पुलिस ने चार हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में सदर थाना उत्तम कुमार राय ने बताया कि दिनांक 20.11.2024 को समय करीब 14:05 बजे दिन में थाना प्रभारी नगर उटाँरी (गढवा) आदित्य कुमार नायक थाना आये और अपने साथ नगर उटॉरी थाना कांड सं0 219/24 दिनांक 23.10.2024 धारा 115(2)/309(5)/62 BNS × 27 आर्म्स एक्ट के अप्रा0 अभि0 1. दिव्यांश शुक्ला उर्फ सुरज शुकला उम्र करीब 24 वर्ष पिता सिपाही लाल शुक्ला सा0 बनकसिया, शिवरतन सिंह थाना मनकापुर जिला गोण्डा (उत्तर प्रदेश) 2. पंकज पासवान उम्र 30 वर्ष पिता उमेश पासवान सा0 कधवा थाना धुरकी, जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर साथ लाये और बताये की उक्त कांड में प्रयुक्त किया गया आर्म्स सदर थाना अन्तर्गत ग्राम सिंगरा खुर्द में लव शुक्ला पिता स्व0 निहोरा शुक्ला के यहाँ रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदया, पलामू के निर्देशन में एक टीम गठित कर लब शुक्ला के घर पर विधिवत छापामारी किया तत्पश्चात एक सिक्सर तीन देशी कट्टा एवं तीन जिन्दा कारतूस को विधिवत जप्ती सूची बना कर जप्त किया गया इस संबंध में सदर थाना कांड सं0 117/2024 दिनांक 20.11.2024 धारा 25 (1-क्क) ड्ड/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया तथा लव शुक्ला पिता स्व0 निहोरा शुक्ला सा0 सिंगरा खुर्द थान सदर जिला पलामू को न्यायिक हिरसात में भेजा जा रहा है। कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से एक सिक्सर, तीन देशी कट्टा, तीन जिन्दा कारतूस को बरामद किया है। छापामारी अभियान में शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोददार, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सदर थाना के एसआई रंजीत कुमार, एएसआई नबी अंसारी सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, कोई हताहत नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी के पास गुरुवार की सुबह कोयला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। गढ़वा की और से कोयला लोडकर ट्रक डाल्टनगंज की और जा रहा था।गढ़वा से जाने के क्रम में मंगरदाहा घाटी के पास पहुंचा ही था कि बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक चालक ने बताया कि घने कोहरे की वजह से दूसरे गाड़ी के बचाव के कारण व सड़क के गड्ढे नहीं दिखाई दिए इससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

## सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग, आक्रोशित ग्रामीणों ने रोका कार्य



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला बी मोड़ मुख्य पथ से गोदरमा गांव होते हुए उरसुला तक बन रहे तीन किमी सड़क कालीकरण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है.जिसे देख गुरुवार को ग्रामीण भड़क गये. आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुये कार्य को बंद करा दिया.ग्रामीणों का आरोप है कि प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए कालीकरण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है.घटिया सामग्री से निर्माण किया जा रहा है. जिससे सड़क बनते ही कबड़ जा रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि इसकी शिकायत सम्बंधित विभाग के अधिकारी व उपयुक्त से करेंगे. हंगामा करने वालो में उदेश्वर यादव,अमीन अंसारी, सलीम अंसारी, महमुद्द अंसारी, रहमान अंसारी, महबूब आलम, हजरत अंसारी सहित कई ग्रामीणों का नाम शामिल है।

# लेखपाल को सेवानिवृत के बाद सम्मान पूर्वक दी गयी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय में स्थित + 2 जनता उच्च विधालय में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसमे सेवानिवृत लेखपाल सीताराम मेहता को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई. इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने बतौर मुख्य अतिथि दिप प्रज्वलित कर किया. विदाई समारोह की अध्यक्षता जनता उच्च विद्यालय के प्राचार्य भोला राय व संचालन बिनोद कुमार चौरसिया ने किया. सोमा खंडौत ने कहा कि सरकारी नौकरी में योगदान और कार्यकाल पूरा होने पर सेवानिवृत एक सामान्य प्रक्रिया है,जिससे सब को गुजरना पड़ता है. लेकिन शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग कभी सेवानिवृत नहीं होते. बल्कि उन्हें समाज को जागृत करने की एक नई जवाबदेही अपने कंधों पर लेनी होती है. उन्होंने मेहता के लंबी जीवन की कामना की.सेवानिवृत्त लेखपाल सीताराम मेहता ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अनुभवों को साझा किया.कहा कि बिश्रामपुर के लोगों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, उसे जिंदगी भर भुलाया नहीं जा सकता. प्राचार्य भोला राय ने सीताराम मेहता के कार्यकाल की जमकर सराहना की. मौके पर जेबी उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार सिंह, देवेश पाल, अनिल कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार,मुंसफ रजा, रिजवान अहमद, लाल सिंह, हिमांशु विश्वकर्मा, मोज़ इरफान साजिद, मोज़ अरसद हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनडीए के पक्ष में परिणाम आने पर ईवीएम पर उंगली ना उठाएं : अविनाश वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कल दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद विभिन्न न्यूज़ चैनलों पर आ रहे एग्जिट पोल के आंकड़ों पर राज्य स्तरीय नेताओं के प्रतिक्रियाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की सभी दलों के प्रमुख नेताओं ने अपनी अपनी बातें कही है और सभी ने दोनों चरणों के शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव पर संतोष व्यक्त करते हुए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। अविनाश वर्मा में एक बयान जारी कर कहा है कि पार्टी के अंदरूनी सूचनाओं और एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार राज्य में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलना प्रतीत होता है, अतः ऐसे में मैं इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं से



आग्रह करता हूं कि 23 नवंबर को एनडीए के पक्ष में परिणाम आते वे सब अपने सुरों को नियंत्रण में रखते हुए बेबुनियाद आरोपों से बचने का प्रयास करेंगे, ऐसा ना हो कि एनडीए के पक्ष में परिणाम आते विपक्ष के सभी नेता ईवीएम मशीन के साथ प्रशासन पर धांधली का आरोप लगाना शुरू कर दें। क्योंकि पिछले कई वर्षो से चुनाव हारने के बाद यूपीए गठबंधन हो या इंडी गठबंधन इससे जुड़े सभी पार्टी के नेताओं की स्थिति कमोबेश एक जैसी ही है और यह सब चुनाव हारने के बाद भारतीय जनता पार्टी पर कई तरह के आरोप लगाते हैं, मगर इन सबों का दोहरा चरित्र वहां उजागर हो चुका है जहां यह चुनाव जीत जाते हैं। वर्मा ने कहा कि कल यानी 23 नवंबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आते कहीं ये सब पुनः उन पुराने रागों को अलापने का काम ना करते हुए जनता के जनमत को स्वीकार करेंगे और आगामी 5 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बनने वाली लोकप्रिय और विकासशील सरकार का साथ देने का काम करेंगे ताकि कोई व्यक्ति और संगठन का नहीं बल्कि झारखंड की 3.40 करोड़ जनता का भला हो सके।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गरम वस्त्र का वितरण



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत हुसैनाबाद के कुम्हार टोला आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म वस्त्र बाल विकास परियोजना कार्यालय हुसैनाबाद के द्वारा उपलब्ध कराया गया। बच्चों के बीच वार्ड पार्षद सुहैल आलम व आंगनबाड़ी सेविका दमयंती देवी ने संयुक्त रूप से किया। वितरण के मौके पर सुहैल आलम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले अधिकतर बच्चे गरीब परिवार से आते हैं। सरकार ने इन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध करा कर सराहनीय कार्य किया है। गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे सुबह सुबह ठंड के मौसम में भी आंगनबाड़ी केंद्र आसानी से आ सकेंगे। मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका गुड़िया देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

# डीएवी भवनाथपुर में नये चेयरमैन का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप में डीएवी भवनाथपुर के नए चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर तथा गायत्री मंत्र के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने नए चेयरमेन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।इस मौके पर दिया सजाओ प्रतियोगिता एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को चेयरमैन ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के बीच पुरस्कार रूप प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय की सराहना की एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान नहीं करता बल्कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरने के लिए बहुत ही सुंदर तरीके से दैनिक प्रार्थना सभाए वं सासाहिक हवन भी करता है। इससे बच्चों में एकाग्रता व आध्यात्मिकता का विकास होता है। इस विद्यालय की उपलब्धि के विषय में बताते हुए बताया कि इस विद्यालय के कई बच्चे चिकित्सा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में औरप्रशासनिक क्षेत्र में भी उपलब्धि प्राप्त की है। अतःआप सभी शिक्षकों के बताए गए दिशा निर्देश का पालन करते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

# आरके पब्लिक स्कूल ऊंचरी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड के आरके पब्लिक स्कूल ऊंचरी में बुधवार को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का बेहतरीन प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय और सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृष्ण मुरारी पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयोगी और आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर अतिथि काफी प्रभावित हुए। निदेशक पांडेय ने छात्रों का हौसला बढ़ाया और उनकी रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में



ऊंचाइयों को छूते हुए प्रखंड, राज्य और देश का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान एफए-03 परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। इसके उपरांत, निदेशक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बच्चों को बुरी संगत से दूर रखने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें अनुशासन में रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी ने छात्रों की प्रतिभा और उनके नवाचार को मंच प्रदान किया, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। यह आयोजन न केवल बच्चों की सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने का माध्यम बना, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर काम करने की प्रेरणा भी दी।

## प्रधानाध्यापक की लापरवाहीं से नहीं मिला छात्र-छात्राओं को भोजन



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र की मड़वा पंचायत के नाशो टोला दशईडिह मे अवस्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय मे विगत कई दिनों मध्यान भोजन बंद है। आगे बताते चलें कि उक्त विधालय मे आज की छात्र की उपस्थित मात्र चार थे। जबकी विधालय सहायक शिक्षक रामधार यादव उपस्थित थे और पूछे जाने पर उन्होंने बताया की प्रधानाध्यापक श्री कमाता प्रसाद यादव ने मौखिक सूचना दिये है कि हम अपने रिस्तेदार मे जा रहे है 1 बजे 2 बजे तक विधालय मे आ जायेगें। विधालय की शौचालय देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बनने के बाद कभी खुला ही नहीं है जबकी विधालय के बच्चें खुले मे शौच करने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों से पूछें जाने पर बताया कि विधालय मे माह मे दो-चार दिन मिड डे मिल संचालित होता है। प्रधानाध्यापक और सहायिका दोनों मे आपसी तालमेल नहीं है इसके वजह से विधालय मे भोजन नहीं बन पाता है। उक्त विधालय मे कार्यरत सहियका से पूछे जाने पर बताया कि प्रधानाध्यापक के द्वारा सामग्री नहीं दिया जाता है तो हम कैसे खाना बनाये। प्रधानाधपक सह सचिव कमता प्रसाद यादव दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सहायिका की मनमानी से मध्यान भोजन बंद है। समाचार लिखें जाने तक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# कार से मिली अवैध शराब, पुलिस कर रही है छानबीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** गुप्त सुचना मिली कि ग्राम देवरी कला से एक सफेद रंग की स्वीफट डिजायर कार जिसका रजि0- नं0-JH01BE 3770 में अवैध देशी शराब लेकर दंगवार के रास्ते होते हुए बिहार जाने के लिये निकली है। उक्त सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवायी करने हेतु वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए निर्देशानुसार सशस्त्र बल के साथ ओ0पी0 से जपला की ओर प्रस्थान किया जैसे ही ग्राम नदियाइन के पास पहुंचा देखा कि उक्त गाड़ी सड़क के किनारे लगा हुआ है। उक्त वाहन के जाँच एवं सत्यापन के क्रम में पाया कि वाहन का गेट एवं पिछे का डिक्की लौक नहीं है। तत्पश्चात दो स्वतंत्र साक्षी के समक्ष उक्त वाहन में लदे कार्टुन की गणना करने पर कुल 30 कार्टुन पाया, जिसमें एक कार्टून को खोलकर देखा जिसमें 25 पारदर्शी प्लास्टिक के बोतल जिस पर टनाका देशी शराब 300 रू लिखा हुआ है। एक कार्टुन मे 300 रू का 25 पीस अर्थात 30 कार्टुन कुल 750 बोतल (300 एम एल का) कुल- 225 लीटर देशी टनाका शराब को वाहन सहित विधिवत जप्त कर दंगवार ओ0पी0 में सुरक्षार्थ रखा गया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड सं0-237/2024 दिनांक 20.11.2024 धारा 274/275/292 बी0एन0एस0 एवं 47 (a) उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत स्वीफट डिजायर कार रजि0- नं0- JHOIBE 3770 के मालिक, चालक एवं अन्य अज्ञात प्राथमिकी दर्ज किया गया।

# बिलासपुर ग्रामीण बैंक लूटने के प्रयास के मामले में शामिल चार अपराधियों को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पुलिस ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा विलासपुर में घुसकर बैंक लूटने का प्रयास, शाखा प्रबंधक को मारकर घायल करने तथा इस दौरान फायरिंग करने के चार आरोपितों को तीन देसी कट्टा व एक रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।यह जानकारी थाने में पत्रकार वार्ता के दौरान एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। एसडीपीओ ने कहा कि गत 23 अक्टूबर को करीब 3 बजे दिन में सूचना मिली कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा विलासपुर में अज्ञात अपराधियों के द्वारा बैंक लूटने का प्रयास किया गया, साथ ही ब्रांच मैनेजर को मारकर घायल कर बैंक में फायर किया गया है एवं बैंक



कर्मियों का मोबाइल लूटकर तोड़ दिया गया। मामले का सत्यापन कर इस मामले में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। मामले के उद्भेदन व अनुसंधान के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा काफी तत्परता पूर्वक अनुसंधान करते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पंकज पासवान के गिरोह के द्वारा यह घटना किए जाने की बात प्रकाश में आई। टीम के द्वारा धुरकी थाने के कदवा गांव निवासी पंकज पासवान पिता उमेश पासवान व चिनिया थाने के चिनिया गांव निवासी विनय कुमार पासवान पिता अवधेश पासवान को गांधीनगर, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ से पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। साथ ही कांड में संलिप्त अन्य दो अपराध कर्मी सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र के बनकसिया शिवरतन सिंह गांव निवासी दिव्यांश शुक्ला उर्फ सूरज शुक्ला पिता सिपाही लाल शुक्ला को सदर थाना डाल्टनगंज पलामू से पकड़ा गया, जबकि श्री बंशीधर नगर थाने के सिंहपुर गांव निवासी शिवकुमार राम पिता मुन्ना राम को, सिंहपुर गांव निवासी शिवकुमार राम पिता मुन्ना राम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। चारों अपराध कर्मियों के निशानदेही पर सिंगरा डाल्टनगंज निवासी लव कुमार शुक्ला के पास से इस कांड में प्रयुक्त तीन देसी कट्टा एवं एक रिवाल्वर को जब्त किया गया तथा कांड में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र से जब्त किया गया। मामले के उद्भेदन में रंका एसडीपीओ रोहित कुमार सिंह एवं गांधीनगर, अंबिकापुर पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण रही। छापेमारी दल में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनि अनुज कुमार सिंह, सअनि संजय पासवान, आरक्षी कौशल कुमार द्विवेदी, अमित कुमार राजा व विकास कुमार तिवारी शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई ने भारतीय महिला हॉकी टीम को दी बधाई



**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को झारखंड की बेटी सलीमा टेटे के नेतृत्व में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने लिखा है कि हर भारतीय को आप पर गर्व है। उन्होंने आगे लिखा है कि अपनी बेटियों को पढ़ाइये। उन्हें शिक्षा, खेल और उनकी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दीजिये। वे एक दिन परिवार, समाज एवं देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगी।

## झारखंड के राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन को जन्मदिन की बधाई दी

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उनहोंने एक्स पर ट्वीट कर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के लिए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की है। वहीं दूसरी और राज्यपाल ने भौतिकी शास्त्र में रमन प्रभाव के खोजकर्ता और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ सीवी रमन की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया है।

# पंडरा मतगणना केंद्र में पुलिस तैनात : एसएसपी

**इस संबंध में रांची के एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग के द्वारा तय किया गया है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा पंडरा स्थित मतगणना केंद्र का खुद इस सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं 500 से अधिक जवानों और पदाधिकारियों को मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। इस संबंध में रांची के एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग के द्वारा तय किया गया है। तय एसओपी के तहत स्ट्रांग रूम के सबसे इनर मोस्ट कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी केंद्रीय बलों के हवाले है।

इनर मोस्ट में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा, जो वहां के लिए अधिकृत होगा। वहीं मिडिल कॉरिडोर झारखंड पुलिस की ईको कंपनी के हवाले है। साथ ही आउटर कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी जिला पुलिस के हवाले की गई है। इसके अलावा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर लगाए गए हैं। साथ ही साथ स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से में लगातार पुलिस को पेट्रोलिंग करने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए पदाधिकारियों को तीनों जगहों पर हस्ताक्षर करना होगा। रांची के पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काउंटिंग टेबुल बनाए गए हैं। एसएसपी के अनुसार पुलिस की कोशिश होगी की तय तिथि को जल्द से जल्द काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। पोस्टल-बैलेट की काउंटिंग आरओ टेबुल पर होगी और संभवतः सुबह 8ः30-9ः00 बजे तक पहला रुझान आ जाएगा। जीत-हार के बाद किसी तरह का उपद्रव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। एसएसपी खुद स्ट्रांग रूम परिसर का भ्रमण कर उन बारीकी से सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं। जहां सीसीटीवी कैमरों से लाइव फीड को देख कर मॉनिटर किया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव : मतगणना स्थल पर चला साफ-सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पंडरा, रांची में मतगणना होगी। इसके आस-पास सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर नगर निगम की ओर से गुरुवार को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि रांची जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतगणना स्थल की व्यवस्था की गई है। रांची, हटिया, कांके, मांडर, तमाड़ विधानसभा सीट की मतगणना पंडरा में होगी। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम की ओर से 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के मद्देनजर पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर परिसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पेयजल के लिए वाटर टैंकर, चलंत शौचलय व कूड़ेदान की व्यवस्था भी की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य भर में पहले चरण में 13 नवंबर को 43 और दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों के लिए मतदान हुआ था। अब 23 नवंबर को मतगणना की तैयारी है। इसे देखते सभी जिलों में मतगणना सेंटर के आसपास सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। साफ-सफाई का अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

## पूरा दिन घर में रहे हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव संपन्न होने के दूसरे अपने आवास पर पूरा दिन गुजारे । इस बीच वे अपने परिवार के बाकी सदस्यों के साथ समय व्यतीत किया। हेमंत सोरेन उनकी पत्नी कल्पना सुरेश,मां रुपी सोरेन , बेटे साथ पूरा वक्त बिताया साथ में उनका अपना पेट डॉग भी शामिल था। इसके बाद हेमंत सोरेन ने ऑनलाइन अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की और कई दिशा निर्देश भी दिया।

## राज्यपाल से टाना भगत संघ और पैरालंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल दीपक टाना भगत के नेतृत्व में राज भवन में मुलाकात की।



राज्यपाल ने शिष्टमंडल से वार्ता के क्रम टाना भगत की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव सरिता सिन्हा के नेतृत्व में राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर शिष्टमंडल के जरिये विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा गया।

## शिवराज सिंह ने अपने चुनाव प्रवास के दौरान लगाये 50 पौधे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी श्री शिवराज सिंह चौहान विगत 3 वर्ष से अधिक समय से लगातार रोज एक पौधा लगा रहे हैं । वह लोगों के जन्मदिन, पुण्यतिथि स्मृति दिवस, विशेष उपलब्धियां या किसी विशेष प्रयोजन के अवसर पर जनता के साथ पौधा लगाते हैं । उन्होंने अपने इस अभियान के अंतर्गत अब तक 4000 से अधिक पौधे लगाए हैं । झारखंड प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के रांची, जमशेदपुर, नेतरहाट, देवघर , बोकारो, धनबाद सहित विभिन्न शहरों में यहां की जनता के साथ पौधारोपण किया । अनेक ऐसे



अवसर भी रहे जब भोपाल या दिल्ली से पौधा लगाकर आने के बाद भी जनता के साथ झारखंड में पौधारोपण किया । चौहान ने झारखंड में विगत तीन माह के प्रवास के दौरान कुल 50 पौधे लगाए । आज झारखंड से जाते समय रांची स्थित निवारणपुर में लोगो के साथ चौहान ने पौधारोपण किया।

# पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का किया गया शुभारम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुषों की प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में उत्कल विश्वविद्यालय को चार एक से पराजित कर अपना विजय अभियान की शुरुआत की रांची विश्वविद्यालय में खेल के 15 मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला या गोल कप्तान जोसेफ टोपनो ने किया उसके बाद 29 मिनट में उत्कल विश्वविद्यालय के कप्तान संदीप ने गोलकर टीम




को बराबरी पर ला खड़ा किया लेकिन इसके 1 मिनट बाद एक बार फिर कप्तान जोसेफ टोपनो ने गोल कर फिर से टीम के लिए कर टीम को दो एक की बढ़त दिला दिया खेल के 56 में मिनट में संदीप ने एक और गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और टीम को तीन एक से बढ़त हासिल कर दी।

इसके 1 मिनट बाद मुकेश टोपनो ने एक गोल कर टीम को चार एक से आगे कर दिया जो अंत तक कायम रही प्रतियोगिता संबलपुर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

## विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी टीम डी और टीम ई की होगी भिडंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। सीनियर विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के पहले मैच में टीम डी और टीम ई के बीच जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शाम 11:00 बजे से 01:30 बजे तक खेला गया। जिसमें टीम डी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम डी ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 91 रन बनाए। टीम डी की बल्लेबाज हुमैरा काजी ने 23 गेंदो




में दो चौको की मदद से 20 रन बनाये। टीम ई की गेंदबाज राधा यादव ने तीन ओवरो में 8 रन देकर तीन विकेट अर्जित किये। जवाबी पारी में टीम ई ने 16.2 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 93 रन बनाकर पांच विकेट से जीत दर्ज की । ई की बल्लेबाज नंदिनी कश्यप ने 50 गेंदो में आठ चौकों की मदद से 48 रन बनाये। टीम डी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए तनुजा कनवर ने 4 ओवरो मे 2 रन देखकर 3 विकेट अर्जित किए। इस प्रकार टीम ई ने पांच विकेट से जीत अर्जित की। टीम ई की कप्तान राधा यादव को मैन आफ द मैच का अवार्ड रंजय कुमार के द्वारा दिया गया।

## प्रथम चरण में खाता भी नहीं खुलेगा भाजपा का : सुप्रीम भट्टाचार्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रीम भट्टाचार्य कहा कि झारखंड विधानसभा का 81 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया । प्रथम चरण का जो मतदान हुआ उसमें बीजेपी का खाता भी नहीं खुलेगा। 59 सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गठबंधन की सरकार बना रही है ।

उन्होंने बताया कि कुछ सीटों पर हमारा भाजपा के साथ संघर्ष है, लेकिन कई सीटें ऐसी है जहां पर है सीधे चुनाव जीत रहे। लेकिन जिस तरह से भाजपा ने झूठ की राजनीति की उसमें हुए पूरी तरह से असफल हो गए । जनता का जना देश जो है झारखंड मुक्ति मोर्चा ,कांग्रेस , आरजेडी को मिला है। सभी सहयोगी दलों का अच्छा प्रदर्शन किया और हम लोग फिर से सरकार बना रहे हैं।

## कैंडल मार्च का हुआ आयोजन

**रांची** : गुरुवार को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम के नेतृत्व में कोकर बाजार से राजा पासवान को बी आई टी मेसरा में हत्या कर दिया गया था उसे विनम्र श्रद्धांजलि एवम कैंडल मार्च कोकर बाजार से बिरसा मुंडा समाधि तक निकाला गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचैयरमैन सूरज कुमार पासवान, संयोजक संजय कुमार राम,लाल बहादुर पासवान, राकेश कुमार सिंह, शिव पासवान,अविनाश कुमार (बहुआ)जय प्रकाश कुमार, गुड्डन पासवान, अरूण राम,आदि समाज सेवी लोग उपस्थित थे।

# दो दिसंबर से 9 जनवरी तक झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कोहरे की मार एक बार फिर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस पर पड़ी है। इस वर्ष भी ठंड के दौरान संभावित कोहरा को देखते हुए 12873 हटिया आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को अप में 2 दिसंबर से 9 जनवरी 2025 तक रद्द कर दिया गया है, जबकि 12874 डाउन में 3 दिसंबर से लेकर 10 जनवरी 2025 तक ट्रेन रद्द रहेगी। यह ट्रेन सप्ताह में अप में हटिया से नई दिल्ली आनंद विहार




रेलवे स्टेशन के लिए सोमवार, मंगलवार और गुरुवार, जबकि डाउन में मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार को आनंद विहार से हटिया पहुंचती है। इस अनुक्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से गुरुवार को

**एक बार फिर स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द करने से यात्रियों को भारी निराशा हाथ लगी है।**

पत्र जारी कर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के आने वाले फाग सीजन को लेकर रद्द करने की जानकारी दी गई है। एक बार फिर स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को रद्द करने से यात्रियों को भारी निराशा हाथ लगी है। साथ ही उनमें आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# मतगणना को लेकर ट्रैफिक रुटों में किये गये बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रांची जिलान्तर्गत प्रथम/द्वितीय चरण में हुए मतदान की मतगणना 23.11.2024 को कृषि उत्पादन बाजार समिति पण्डरा, रांची अवस्थित ब्रज गृह में होना है। मतगणना के दिन विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके सहयोगी हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। चुनाव में विजय हुए प्रत्याशी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विजय जुलूस निकाली जायेगी, जिसमें काफी संख्या में आम लोगों का भीड़-भाड़ एवं वाहनों की आवाजाही होगी। उक्त अवसर पर यातायाता व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

23.11.2024 को रांची शहर में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगीः-

दिनांक 23.11.2024 को सुबह 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ तक छोटे मालवाहक/ऑटो/ई-रिक्शा/बस का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।

दिनांक 23.11.2024 को अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक रांची शहर में छोटे/बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित




रहेगा।

दिनांक-23.11.2024 को सुबह 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक पिस्का मोड से पंडरा एवं काठीटांड़ की ओर जाने वाले सभी ऑटो/ ई-रिक्शा/बस पिस्का मोड से बाये मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।

दिनांक 23.11.2024 को तिलता रिंग रोड से पिस्का मोड की ओर आने वाले ऑटो/ई-रिक्शा/बस तिलता चौक से बाएं या दाएं मुड़कर रिंग रोड़ से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।

दिनांक 23.11.2024 को न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड बीच के मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश एवं बाहर जाने के लिए कम से कम करें।

दिनांक 23.11.2024 को आवश्यकतानुसार विजय जुलूस के दौरान अन्य मार्गो को अल्प समय के लिए छ्व1द्दह्ल और स्ह्लश्च किया जा सकता है।

## चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रातु रोड स्थित रानी सती मंदिर में दादी जी का चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव गुरुवार से शुरू हो गया. मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल, भानु जालान, प्रदीप नारसरिया, मनोज जलान, पवन लोहिया, विमल झुनझुनवाला, प्रेम सरावगी व संतोष मोदी समेत चद्रकांत झुनझुनवाला सुबह पांच बजे स्वर्ण रेखा नदी गए. वहां से जल लाकर मंदिर परिसर में एकत्र किया. दोपहर बाद पुजारी देवकुमार ने मां रानी सती दादी जी का पूजन किया.



इसके बाद चार बजे गणेश पूजा और हवन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय और बाहर से आये अतिथियों ने खास तौर से हिस्सा लिया. दादी जी का पूजा होने के बाद श्रद्धालु मंदिर में जयकारे लगाये गए. सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया. भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया. महोत्सव के पहले दिन मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना लगा रहा.

# ईवीएम एवं पोस्टल बैलट के माध्यम से हुये मतदान के काउंटिंग को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंच प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने का दिया निर्देश। लॉयला इंटर कॉलेज खूँटी में आज प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत खूंटी विधानसभा क्षेत्र एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के पश्चात 23 नवम्बर को होने वाले मतगणना को लेकर ईवीएम एवं पोस्टल बैलट के लिए प्रतिनियुक्त काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर को गहन प्रशिक्षण दिया गया। पूर्वाह 11ः00 से अपराह्न 2ः00 तक यह प्रशिक्षण सत्र चला, जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी दिया गया। साथ हीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना को लेकर जारी सभी एसओपी के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को 23 नवंबर को होने वाले मतगणना के दिन ससमय मतगणना केंद्र पर उपस्थित होने एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरे उत्तरदायित्व एवं ईमानदारी पूर्वक मतगणना कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा गया कि मतदान की काउंटिंग प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर को खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के पश्चात बिरसा कॉलेज खूंटी में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित ईवीएम एवं पोस्टल बैलट को रखा गया है। 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है। जिला निर्वाचन की तरफ से बिरसा कॉलेज में मतगणना कार्य को लेकर सभी तैयारियां की गई है। खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना के लिए 20-20 टेबल ईवीएम के लिए एवं 11-11 टेबल पोस्टल बैलट के लिए लगाया गया है। अगर मतगणना राउंड की बात करें तो तोरपा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 13 राउंड में एवं खूंटी विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 15 राउंड में सम्पन्न किया जाना है। 23 नवम्बर को प्रातः 8ः00 बजे से सबसे पहले पोस्ट बैलट से हुए मतदान का मतगणना कार्य प्रारंभ होगा, वहीं प्रातः 8ः30 बजे से ईवीएम से हुए मतदान का मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## मैकलुस्कीगंज-चंदवा मार्ग पर सड़क निर्माण में हुई अनियमितता का किया गया विरोध प्रदर्शन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज-चंदवा मार्ग पर लपरा बुधबाजार से पेट्रोल पंप तक 1.75 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मती और कालीकरण में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी अनुसार 1.78 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का हाल यह है कि पिच हाल ही में उखड़ने लगा है, जिससे बाइक और स्कूटी चालकों के लिए आवाजाही मुश्किल हो गई है। घटिया निर्माण सामग्री और मानकों की अनदेखी के खिलाफ गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर जा कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने ठेकेदार और सड़क निर्माण विभाग के इंजीनियर पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

**घटिया निर्माण से बढ़ी समस्याएं :** ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गिट्टी और अलकतरा कम मात्रा में डाली जा रही है, जिससे सड़क बबलिंग करने लगी है। देवी मंडप के पास हाल ही में मरम्मत की गई सड़क फिर से टूट गई है। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि यह सड़क बनाया जा रहा है या बिगाड़ा जा रहा है। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जितेंद्र नाथ पांडे, प्रदीप यादव, चंदर सिंह, रौशन यादव, अमित सिंह, राजेश यादव, हरि पाहन, जितेंद्र बैठा, रमेश यादव, कृष्णा लोहारा, राजू यादव, रवि बैठा, पुतुल अंसारी, बंटी अंसारी, सुंदर यादव, प्रशांत गिरि, सुनील यादव, पिंटू घटवार, राजेश गोप सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

**जांच किया गया मांग :** ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के दौरान सड़क की मोटाई मानक के अनुसार नहीं रखी गई है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कराने और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है। समाज सेवी जितेंद्र नाथ पांडे ने कहना है,÷इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क टिकाऊ नहीं बन रही। मानकों की अनदेखी से जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है। स्थानीय निवासी प्रदीप यादव ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की लाइफलाइन है, जो लातेहार, लोहरदगा, चतरा, डाल्टनगंज और रांची को जोड़ती है। लेकिन घटिया निर्माण से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**निर्माण कार्य नहीं हुआ सुधार तो होगी आंदोलन :** ग्रामीणों ने प्रदर्शन के माध्यम से ठिकेदार को चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग से अपील की है कि सड़क निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके।

## तमिलनाडु में साइकिलिंग चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को दिया गया बधाई

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों की शानदार प्रदर्शन से पाकुड़ खेल संघ और खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिंह एवं कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह सहित खेल संघ के अन्य पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने सफल प्रतिभागियों को बधाई दी है। इस संबंध में झारखंड साइकलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि तमिलनाडु साइकिलिंग एसोसिएशन एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 76 वां सीनियर, 53 वां जूनियर, 39 वां सब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेक साइकिलिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 15 से 19 नवंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई शहर में किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड तथा झारखंड साइकिलिंग संघ के तत्वाधान में 27 सदस्य (राइडर) ने भाग लिया था।झारखंड की टीम ने राष्ट्रीय स्तरीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता 2024 में दमदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धा में कुल सात पदक जीता है। इनमें बालिका महिला वर्ग में सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक, सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में स्प्रिट 200 मी स्पर्धा में स्वर्ण पदक, सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में कैरिन स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं बालक या पुरुष वर्ग में विकास उरांव जूनियर बालक वर्ग में टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। आमिर रियाज मेन एलीट वर्ग में टाइम ट्रायल 1000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। नारायण महतो ने मेन जूनियर वर्ग में स्प्रिट 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। विकास उरांव, अर्जुन कुमार, निखिल लोहार ने सब जूनियर बालक वर्ग में टीम स्प्रिंट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार एवं दमदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण तथा तीन कांस्य पदक कुल सात पदक जीत कर झारखंड को गौरवान्वित किया है। पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन करने पर खिलाड़ियों (राइडर ) तथा टीम मैनेजर जितेंद्र कुमार व प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट, प्रथम कुमार शर्मा को राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा, उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियस लकड़ा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, सीईओ (जेएसएसपीएस) गिरीश कुमार राठौर, अजय मुकुल टोप्पो, पुष्पा हसन, रेखा रानी गुप्ता, विनय कुमार पांडेय, शिडी सिंह, नीतीश कुमार निशांत, रितेश कुमार झा, दिलीप गुप्ता, शशिकांत पांडेय, दीपक हेंब्रम, राजेश कुमार यादव, आशु भाटिया, ओम प्रकाश गुप्ता, सतविंदर कौर, अमित कुमार, राजकुमार मेहता, नरेश कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, पंकज अग्रवाल, लखन हांसदा, अनिता कुमारी, प्रोनोति दास, तस्लीम खान, शिव शंकर यादव आदि सहित जिला संघ के अध्यक्ष एवं सचिव एवं सदस्यों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## फ्लाई ऐश का परिवहन जारी, सांस लेने वाली हवा को प्रदूषित कर रहा है सड़क पर गिरने वाला राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी से गुजरने वाली स्टेट हाइवे-7 हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क से फ्लाई ऐश का परिवहन जारी है। ऐसे तो सड़क मार्ग परिवहन के लिए ही बना है। परंतु कई ऐसी वस्तुएं भी हैं जिनके परिवहन को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) से लेकर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने विशेष गाइडलाइन जारी कर रखा है। इन्हीं में से एक है कोयला आधारित थर्मल पावर स्टेशनों से निकलने वाला फ्लाई ऐश या सीधी भाषा में कहें तो निकलने वाला राख। कोयला आधारित थर्मल पावर स्टेशनों के लिए वहां से निरंतर निकलने वाला फ्लाई ऐश का डिस्पोजल एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। यह फ्लाई ऐश (राख) मानव जीवन सहित हवा, पानी, मिट्टी के लिए कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इन फ्लाई ऐश का सौ प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने का जिम्मेवारी संबंधित थर्मल पावर स्टेशनों को दिया है। ट्रक व हाइवा से परिवहन के दौरान सड़को पर गिर रहा फ्लाई ऐष वाहनों के चक्के से लगकर सांस लेने वाली हवा को प्रदूशित कर रहा है। इसे जल्द नहीं रोका गया तो खलारी की आम जनता के लिए कोरोना बीमारी से भी खतरनाक साबित होगी।

**संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन का अधिकार :** उल्लेखनीय है संविधान के अनुच्छेद 21 में आमजन को जीवन का अधिकार दिया है। जिसके तहत हर नागरिक को शुद्ध हवा, पानी का अधिकार है। लेकिन, भारत का सबसे बड़ा उर्जा समूह एनटीपीसी के द्वारा इसका उलंघन किया जा रहा है। एनटीपीसी प्रबंधन का तर्क है कि उन्होंने ट्रांस्पोर्टर को परिवहन का जिम्मा दे दिया है। सुरक्षित परिवहन उसकी जिम्मेवारी है। परंतु जब ट्रांस्पोर्टर पूरे सड़क पर फ्लाई ऐश गिराता जाय तो एनटीपीसी इसकी जबाबदेही से नहीं बच सकता है। खलारी कोयलांचल में पहले से ही छोटे बच्चे एलर्जिकल अस्थमा के शिकार हो रहे हैं। कम उम्र में लोगों को दमा की बीमारी हो रही है। कई लोगों की फेफड़ो में संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई। अस्पतालों में अक्सर छोटे बच्चे नेब्युलाइजर लगाए दिखाई पड़ जाते हैं। इन सारी परिस्थितियों को कहीं न कहीं हवा प्रदूषण से जोड़ कर देखा जा रहा है। खलारी कोयलांचल की जनता कोयले की धूल से परेशान थी ही अब फ्लाई ऐश का प्रदूषण भारी पड़ रहा है।

## केनरा बैंक का 119वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 119 वा केनरा बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग और 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एंड कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि श्री राजू उरांव केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक और निदेशक संजीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 55 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का स्वरोजगार करे। क्योंकि रूडसेट संस्थान राज्य का सबसे अच्छा संस्थान है यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है,और दूसरों को भी रोजगार से जोर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते इसके लिए आप को अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे और ग्राहक से अच्छा संबंध भी बनाकर रखे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## जिला मतस्य पदाधिकारी ने किया केज कल्चर का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रांची जिला मतस्य पदाधिकारी जयंत रंजन ने गुरुवार तुमांग पंचायत में केज कल्चर का निरीक्षण किया। रांची जिला के नए जिला मत्स्य पदाधिकारी बनने के बाद उनका खलारी में पहली बार दौरा था। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने सबसे पहले खिलान धौड़ा स्थित सी ब्लॉक में केज कल्चर का निरीक्षण किया। उंसके बाद नौ नम्बर केज कल्चर का निरीक्षण किया। नौ नम्बर में बोट में बैठकर केज कल्चर का निरीक्षण किया। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने केज कल्चर में मछलियों को चारा भी खिलाया। वहीं उन्होंने केज संचालन, मछली पालन,मछली के चारा वितरण एव मछली विक्री से संबंधित जानकारी ली उन्होंने कहा कि केज कल्चर का समिति के द्वारा किस तरह संचालन एव देखरेख किया जाता है। साथ ही कैसे इस योजना से कितना विस्थापित परिवार लाभान्वित हो रहे हैं इसकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने केज कल्चर के सफल संचालन के लिए समिति के सदस्यों को काफी सराहना की है। मत्स्य समिति के अध्यक्ष बालेश्वर भोगता ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से दोनो जगहों पर केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन किया जा रहा है। समिति के सदस्य प्रतिदिन केज में आकर मछलियों को चारा देते हैं और केज की साफ सफाई करते हैं और मछलियों की देखभाल करते हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रिकॉर्ड अंतर से जीत का किया दावा

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकुड़ विधानसभा सीट के लिए बुधवार को संपन्न हुए मतदान के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जीत को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। कांग्रेसियों ने बड़े और रिकॉर्ड अंतर से जीतने का दावा किया है। कांग्रेस कार्यालय में भी गुरुवार को मौजूद कार्यकर्ता ने इसी तरह का दावा किया। कार्यालय में बैठे पार्टी के प्रदेश और जिला तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस को रिकॉर्ड जीत मिलने जा रही है। इस दौरान चाय की चुस्की लेते हुए कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक जीत हार पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा कि कांग्रेस पाकुड़ में हैट्रिक जीत लगाने जा रही है। इस बार का जीत बहुत ही बड़े और रिकॉर्ड अंतर से होने जा रहा है। कांग्रेस की लोकप्रियता और उनकी विचारधारा हैट्रिक जीत का सबसे बड़ा कारण है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन के धर्म को झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य सहयोगी दलों ने भरपूर निभाया। कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की और लोगों को समझाने में कामयाब रहे। मतदाताओं को कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित करने में सफलता हासिल की है। अर्धेंदु शेखर गांगुली ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत बेकार नहीं जाएगी और कांग्रेस की जीत में उनका बड़ा रोल रहेगा। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने यह भी कहा कि गठबंधन सरकार की जो योजनाएं चली, उसे लोगों ने काफी पसंद किया। उन योजनाओं से काफी लोग लाभान्वित हुए और सरकार की योजनाओं से खुश होकर कांग्रेस को जीताने का मन बना लिया। मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी, बिजली फ्री, कृषि ॠण माफी, अबुआ आवास, छात्रों को मिलने वाली योजनाओं ने मतदाताओं को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को जब ईवीएम मशीन खुलेगा, तब सारा चीज स्पष्ट हो जाएगा।

## मृतक के परिवार वालों से मिले पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय पुर्व मंत्री एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बन्धु तिर्की मांडर प्रखंड के बरगड़ी निवासी स्व0 रफीक अंसारी के घर पहुंचकर पहुंच कर परिवार वालों से मुलाकात किया, श्री बन्धु तिर्की ने शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख के इस घड़ी में मैं आप लोगों के साथ हुं। और आगे कभी भी कोई परेशानी हो मैं हमेशा साथ रहुंगा। पुर्व मंत्री द्वारा कुछ आर्थिक मदद बतौर सहयोग दिया गया । ज्ञात हो कि स्व0 रफीक अंसारी पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता थे।कल दिनांक 20-11-24 को रिम्स में ईलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गई थी। दो दिन पहले उनका ब्रेन हैमरेज हो गया था।

# सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर मे विज्ञान एंव कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## विज्ञान मेला से बच्चो को मिलता है अविष्कार का ज्ञान-जेके सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोका परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मे बमने पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा,राय पंचायत की मुखिया शीला देवी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोखी महतो,सचिव फुलेश्वर महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजुद थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से भारत माता,ओम और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एंव फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया।विज्ञान प्रदर्शनी मेला में शिशु बाल एंव किशोर वर्ग से कुल 107 प्रकार के विभिन्न मॉडल तैयार किए गए थे।स्कूल के बच्चों ने विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी को लगाया, जिसमे अम्लीय वर्षा, ज्योग्राफी उपग्रह,न्यूरोन,जल शुद्धिकरण, चंद्रयान-4,जल चक्र, पवन चक्की, ऊर्जा स्थानांतरण,एटीएम मशीन, जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण, गणित सूत्र, मानव पाचन तंत्र, बायोगैस, राम मन्दिर,कोयला खदान, मिसाईल,वाटर हीटर, ईवीएम मशीन सहित कई मॉडलो की प्रदर्शनी को लगाया।विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा लगाए गए मॉडलों का आए हुए अतिथियों सहित अभिभावकों ने निरीक्षण कर बच्चों की प्रतिभा की जमकर प्रशंसा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में नई तकनीकी के आविष्कार की जानकारी मिलती है।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इसके अलावा बच्चों के आविष्कार को सामने लाया जाता है जिससे उनका भी मनोबल बढ़ता है।

उन्होंने सभी बच्चों से विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन करने की अपील की।विभिन्न प्रदर्शनी मेला को उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने बताया कि बाल वैज्ञानिकों में विज्ञान के प्रति रुझान इस तरह विज्ञान मेंले के माध्यम से होती है। भैया बहनों के अथक परिश्रम से विज्ञान मेला में प्रदर्शनों का निर्माण किया गया।उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में विज्ञान के प्रति नई खोज के साथ उनके मस्तक में ऊर्जा का संचार होता है।विज्ञान मेला का आयोजन से बच्चों में अन्वेषण एवं रचनात्मक का विकास होता है।इससे उनके सोचने समझने की शक्ति का भी विकास होता है।विज्ञान मेला में शिशु वर्ग में ज्वालामुखी मॉडल मे प्रतीक कुमार प्रथम,रागिनी कुमारी जल शुद्धीकरण मॉडल द्वितीय,एटीएम मशीन मॉडल उज्जवल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।वही बाल वर्ग में प्रथम अंजली कुमारी मॉडल पौधे के विभिन्न अंग, दूसरा अनन्या कुमारी मॉडल जल एवं वायु प्रदूषण और तीसरा आनंद कुमार मॉडल प्राकृतिक फॉर्म मिला है।वही किशोर वर्ग में प्रथम कौशल ग्रुप मॉडल मानव निर्मित सौर ऊर्जा,दूसरा प्रिंस ग्रुप मॉडल जल फब्वारा,तीसरा कृष्ण एवं बलराम मॉडल जल रॉकेट।वही तरुण वर्ग में प्रथम बबलू ग्रुप मॉडल राम मंदिर स्थान प्राप्त किया।इस मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के शिक्षक विद्यानंद झा,पिपरवार के शिक्षक आदर्श कुमार,डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के शिक्षक अमित कुमार घोष, गंगाधर महतो,राजू साहू सहित कई लोग मौजूद थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार,ज्योति सिंह, भगवती गुप्ता, अनिल सिंह, प्रभात कुमार,राजेंद्र महतो, ओंकार तिवारी,सुखदेव महतो, बालेश्वर महतो,प्रमोद कुमार, तीजू महतो,योगेंद्र ठाकुर,कुंदन सिंह, सुरेंद्र पाल, सोनिका कुमारी,वीणा कुमारी,राजेश्वरी सिन्हा, नीलम कुमारी,शिव प्रसाद, अंजू सिंहा आदि की अहम भूमिका रही।

## डीईओ एवं एसएसपी ने की प्रत्याशी, इलेक्शन एजेंट की संयुक्त ब्रीफिंग

# त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच कॉपरेटिव कॉलेज में मतगणना कल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा 23 नवंबर 2024 मतगणना दिवस को लेकर प्रत्याशी और एजेंट की संयुक्त ब्रीफिंग में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बगैर वैध पास के किसी भी प्रत्याशी, इलेक्शन एजेंट व काउंटिंग एजेंट तथा पदाधिकारी, प्रेस प्रतिनिधि, आवश्यक सेवाओं के कर्मी को कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वहीं काउंटिंग एजेंट को निर्गत पास के अलावा फॉर्म 18 भी दिखाना होगा तभी मतगणना हॉल के अंदर इंट्री दी जाएगी । ब्रीफिंग में सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने को लेकर वाहन पार्किंग के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही कॉलेज परिसर के अंदर किन्हें प्रवेश दिया जाएगा इस बाबत भी ब्रीफ किया गया।

**कॉलेज परिसर और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल समीप रहेगा पार्किंग व्यवस्था**

डीईओ ने ब्रीफिंग में उपस्थित राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधि को बताया कि प्रत्याशी, इलेक्शन एजेंट, काउंटिंग एजेंट, काउंटिंग ऑब्जर्वर, जिला के पदाधिकारी, सुपरवाइजर एसिस्टेंट, प्रेस प्रतिनिधियों के वाहनों की पार्किंग कॉलेज परिसर स्थित ग्राउंड में होगा। वहीं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपना वाहन रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सेलेंस से आगे ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कार्यकर्ता अपना वाहन सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के बाहर पार्क करेंगे तथा पैदल जिला खनन कार्यालय तक ही जा सकेंगे, कार्यकर्ताओं को कॉलेज परिसर के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी ।

**मतगणना केंद्र में रहेगा त्रिस्तरीय सुरक्षा लेयर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर रोक**

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। त्रिस्तरीय सुरक्षा के पहले लेयर में जिला बल, दूसरे लेयर में जैप के जवान तथा तीसरे लेयर में पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती रहेगी । कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार जिला के कुछेक पदाधिकारी को फोन के साथ प्रवेश की अनुमति होगी तथा मीडिया कोषांग (लाइब्रेरी) तक प्रेस के प्रतिनिधि कैमरा, फोन लेकर जा सकेंगे । इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपाकंर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में मतगणना दिवस को लेकर दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। सभी को निदेश दिया गया कि वे बिना प्रवेश पत्र के तथा मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के साथ किसी भी परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति को मतगणना हॉल के अन्दर प्रवेश नहीं करने देंगे। सम्पूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में ईवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना या वीडियो रिकॉर्डिंग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को 23 नवंबर को प्रातः 05:00 बजे से चिकित्सा शिविर, चिकित्सा दल एवं एम्बुलेन्स तैनात रखने, अग्निशाम पदाधिकारी को अग्निशाम वाहन, दस्तों की प्रतिनियुक्ति, सहायक आयुक्त उत्पाद को मतगणना के दिन शराब की सभी दुकानों को आदेश के अनुरूप बंद कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मतगणना के दिन सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। मतगणना के दिन सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने एवं विधि-व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया गया ।

## एंटरोकॉकस फैकेलिस बैक्टीरिया के कारण काशीडीह में फैला था डायरिया



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के काशीडीह टोला में करीब एक माह पूर्व एंटरोकॉकस फैकेलिस नामक बैक्टीरिया के कारण डायरिया फैला था। जिसमें करीब 60 लोग प्रभावित हुए थे और विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराने के बाद अभी स्वस्थ हैं। गुरुवार को गांव पहुंची जिला स्वास्थ्य विभाग की जिलास्तरीय टीम ने प्रभावित परिवारों से पूछताछ करते हुए वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि गांव में अभी सभी लोग स्वस्थ हैं। टीम ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि गांव के चापाकल से लिए गए पानी के सैंपल की लैब में कराई गई जांच रिपोर्ट आ चुकी है। इसमें खुलासा हुआ कि एंटरोकॉकस फैकेलिस के कारण गांव में संक्रमण फैला। ग्रामीणों से कहा गया कि पानी को उबाल कर ही पीएं। टीम में मुख्य रूप से डॉ. सुशील तिवारी, डॉ. असद व डॉ. प्रशांत रंजन आदि मौजूद थे।

## डुमरिया के खड़िदा में पंचायत स्तरीय आदिम जनजाति सबर विकास संगठन का गठन



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड के खड़िदा पंचायत के अंतर्गत भागाबन्दी फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को सबर ग्राम प्रधान भीमो सबर की अध्यक्षता में सबर समुदाय की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पंचायत स्तरीय आदिम जनजाति सबर विकास संगठन का गठन किया गया। पंचायत स्तरीय संगठन में अध्यक्ष मोहना सबर, सचिव सुनिया सबर कोषाध्यक्ष सोनामुनी सबर को सर्वसम्मति से चयन किया गया। संगठन के माध्यम से सबर जनजाति के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार उपार्जन से संबंधित चर्चा किया गया। इस बैठक में ग्राम स्वशासन अभियान से पंचायत समन्वयक प्रधान मुर्मू, पिथो मुर्मू, उपेन्द्र सरदार, मंगल हेंब्रम, दिलीप कुमार, सीआरपी धनु सोरेन, सुधीर हेंब्रम, दारा सिंह सरदार और आदिम जनजाति सबर विकास संगठन के भीमो सबर, हरिराम सबर, माधु सबर, मारसो सबर, वनमाली सबर, जगुनाथ सबर आदि उपस्थित थे।

## योग परीक्षा में सफल छात्रों को मिला प्रमाण पत्र



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां प्रखंड के राजखरसावां बडा आमदा में संचालित महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान से सबंध प्राप्त योग संस्थान बडा आमदा में सत्र- 2023 के योग परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। योग विज्ञान के लाभ के संबंध में प्राचार्य धीरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि हमारा संस्थान भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत में है। संस्थान में जुड़कर उत्तम स्वास्थ्य व रोजगार के असीमित अवसर प्राप्त कर सकते हैं। योग के माध्यम से बिना दवा का उम्रभर निरोग रहा जा सकता है।

## कौमी एकता सप्ताह के तीसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज साकची प्रांगण में कौमी एकता सप्ताह के तीसरे दिन 21 नवंबर 2024 को नृत्य का आयोजन किया गया। नृत्य (एकल) प्रतियोगिता का विषय बॉलीवुड रेट्रो और समूह नृत्य का विषय लोक नृत्य था जिसमें झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यो के लोक नृत्यो को प्रस्तुत किया गया। एकल नृत्य के जज में रुचि कुमारी एवं अनुप्रिया कुमारी और समूह नृत्य के जज नृत्य शिक्षिका जरीता रॉय उपस्थित रही। सभी निर्णायको को कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्तीय अधिकारी डॉ. बीके सिंह, करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज एवं एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज ने पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नृत्य प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस स्वयंसेवक अध्यक्ष मानव घोष ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन शालिनी श्रीवास्तव एवं शानिया खानम ने किया।

## शहीद बिरसा मुंडा के सेनापति कोंका कमार की मनाई गई जयंती



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बारीडीह गोल चक्कर स्थित वीर शहीद बिरसा मुंडा के सेनापति कोंका कमार करमाली की जयंती पर कोंका कमार करमाली संघर्ष समिति द्वारा आयोजित समारोह में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिरसा सेना के संस्थापक प्रमुख बलराम कर्मकार, विशु लोहार, रायमुल बानरा, राजू लोहरा, श्याम सिंह सरदार, भरत कर्मकार, मंगल बोयपाई, प्रह्लाद लोहरा, रवि सिंह सरदार, सुनील सोरेन, गोविन्द कर्मकार, जमशेदपुर पूर्वी के प्रत्याशी कृष्णा लोहार, जागो संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश, सन्नी सामद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर झारखंड जनतांत्रिक महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी कृष्णा लोहार ने कहा कि कोंका कमार करमाली ने आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष किया और बिरसा मुंडा के नेतृत्व में महत्वपूर्ण लड़ाइयां लड़ीं। उनका जीवन आदिवासी समुदाय के लिए प्रेरणा है।

## एनआईटी जमशेदपुर में गाय आधारित कृषि व प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर वार्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र (आईकेएस), एनआईटी जमशेदपुर ने 21 नवंबर 2024 को एक दिवसीय आमंत्रित वार्ता का आयोजन किया। कार्यक्रम के आमंत्रित अतिथि के ई एन राघवन थे। संस्थान के उप निदेशक प्रोफेसर राम विनॉय शर्मा ने अतिथि का परिचय दिया और सतत विकास की दिशा में आधुनिक कृषि में विषय के महत्व की जानकारी दी। प्रोफेसर शैलेन्द्र ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री राघवन ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने के ऐतिहासिक आधार और ग्रामीण विकास के आत्मनिर्भर मॉडल को समझाया। उन्होंने गाय आधारित खेती की आवश्यकता और महत्व तथा ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर समुदाय में इसके योगदान पर जोर दिया। श्री राघवन ने जैविक खाद और अन्य जैविक तकनीकों के माध्यम से जैविक खेती को समझाया और प्रदर्शित किया जो कम लागत में मानव स्वास्थ्य पर बेहतर प्रभाव डालती है। उन्होंने कृषि की पारंपरिक प्रणाली को विस्तार से समझाया जो स्वरोजगार और ग्राम विकास में योगदान करती है। कार्यक्रम का समापन डॉ. मनीष कुमार झा, संयोजक आईकेएस के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों सहित लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## जमशेदपुर पुलिस ने शर्मा फर्नीचर फायरिंग मामले का किया खुलासा, खौफ पैदाकर रंगदारी वसूलने की योजना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोलमुरी थाना की पुलिस ने बीते 9 सितंबर को एचबीसीएसइ कोचिंग सेंटर और 3 अक्टूबर को गोलमुरी बाजार स्थित शर्मा फर्नीचर में हुए फायरिंग मामले का खुलासा कर दिया है, इस मामले मे पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस की गिरफ्त में आए युवकों में ईस्ट प्लांट बस्ती निवासी के. राहुल और बर्मामाइंस रुईयापहाड़ निवासी राहुल कुमार सिंह शामिल है. इस संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष मिश्रा ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि उपेंद्र सिंह हत्याकांड के सजायाफ्ता सोनू सिंह और हीरे हत्याकांड में सजायाफ्ता प्रकाश मिश्रा द्वारा नयन सिंह के नाम से शहर में आपराधिक गिरोह का संचालन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि उक्त गिरोह द्वारा शहर के व्यापारियों को व्हाट्सएप कॉल और वर्चुअल कॉल के माध्यम से डरा धमका कर रंगदारी की मांग की जा रही है, रंगदारी नहीं देने की स्थिति में व्यापारियों के संस्थान और आसपास फायरिंग कर डर एवं भय का माहौल पैदा किया जा रहा है. इसको लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी जांच की. जाँच के क्रम मे उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा में नुक्कड़ नाटक का मंचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में गुरुवार को जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की आशा कुमारी, रितु महतो, पूजा सहिस, पामीला एवं अन्य छात्राओं द्वारा जनजातीय गौरव को प्रदर्शित करते हुए नुक्कड़ नाटक का मंचन शिक्षिका तानिया सिंह एवं अनीता मुर्मू के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि जनजातीय गौरव से हम सभी को अवगत कराने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, इसके माध्यम से जनजातीय विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में श्रीमंत प्रमाणिक, अभिजीत पाल, आशा कुमारी व रितिका गुंजन धान मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन के टेंट पहुंचे सोनारी थाना शांति के लोग, कार्यकर्ताओं का बढ़ाया हौसला



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोऑपरेटिव कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र के बाहर इंडिया गठबंधन के टेंट में कल जमशेदपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता, सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू अपने कुछ सहयोगियों अनिल सिंह, अभय कुमार, हरिदास अशोक सिंह, सर्वेश कुमार एवं समाजसेवी प्रदीप लाल पहुंचे। इस दौरान उन लोगों कार्यकर्ताओं से जाकर मिले और झारखंड में पुनः बहुमत से इंडी गठबंधन की सरकार बनने का विश्वास जताया।निरीक्षण शिविर में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी से विशेष मुलाकात कर काफी विषय में विचार विमर्श किया। सुधीर कुमार पप्पू ने कहा झारखंड की राजनीति जल जंगल जमीन की राजनीति है। इंडी गठबंधन की सरकार ही अपनी सही दिशा निर्देश से जमीन से आसमान की ऊंचाई तक ले जाएगा।

## गणना सुपरवाइजर एवं सहायकों को मतगणना का दिया गया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 23 नवंबर को काशी साहू कॉलेज, सरायकेला में किया जाएगा। मतगणना के लिए नियुक?त गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण एन.आई.टी जमशेदपुर, आदित्यपुर तथा एन. आर. प्लस टू उच्च विद्यालय, सरायकेला में आयोजित किया गया। एन.आर प्लस टू उच्च विद्यालय, सरायकेला में 111 ईवीएम काउंटिंग सुपरवाइजर, 115 ईवीएम काउंटिंग असिस्टेंट, 56 पोस्टल काउंटिंग असिस्टेंट एवं 26 पोस्टल सुपरवाइजर तथा एनआईटी जमशेदपुर,आदित्यपुर मे 128 ईवीएम माइक्रो ऑब्जर्वर तथा 26 माइक्रो आब्जर्वर को अलग-अलग पालियो मे प्रशिक्षण दिया गया।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने 1000 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने सी ब्लॉक, प्रोफेशनल फ्लैट्स, कदमा में अत्याधुनिक 1000 केएलडी (किलोलीटर प्रति दिन) पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (पीएसटीपी) का उद्घाटन किया। इसका उद्घाटन टाटा स्टील, कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने किया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के प्रमुख प्रणय सिन्हा, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स के प्रमुख वरुण बजाज ,जल एवं अपशिष्ट जल सेवाओं के महाप्रबंधक संजीव कुमार झा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भी मौजूद थे। यह उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर्यावरणीय स्थिरता और जल प्रबंधन के प्रति टाटा स्टील यूआईएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपशिष्ट जल को कुशलतापूर्वक उपचारित करने के लिए डिज़ाइन किया गया, पीएसटीपी विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपचारित जल को पुनर्चक्रित करने और पुनः उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 17वीं झारखंड राज्य एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम ओवरऑल चैंपियन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** 17वीं झारखंड राज्य एलीट (पुरुष एवं महिला) बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024-25 का समापन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दो दिनों तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा में राज्य भर से मुक्केबाजी प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में झारखंड के 15 जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले पुरुष और महिला वर्ग के 113 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले दिन के मुकाबलों सहित कुल 79 मैच हुए। फाइनल मैच पुरुष वर्ग में 13 स्वर्ण, 13 रजत और 25 कांस्य पदक और महिला वर्ग में 6 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक दिया गया। दोनों श्रेणियों में जिलों के बीच पूर्वी सिंहभूम ओवरऑल चैंपियन बनकर उभरा। समापन समारोह में टाटा स्टील के खेल प्रमुख मुकुल विनायक चौधरी के साथ-साथ टाटा स्टील यूआईएसएल के मुख्य मंडल प्रबंधक देवी प्रसाद पंथाला, टाटा स्टील के खेल प्रमुख विभूति ढांड अडेसरा, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव आनंद बिहारी दुबे, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं ओएमक्यू के प्रशासन प्रमुख दीपक श्रीवास्तव और झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीब वर्मा मौजूद थे।

## 7 स्टार होटल की खूबियों से लैस गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन फिर शुरु





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एकबार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली गोल्डन चैरियट लग्जरी टूरिस्ट ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना हो रही है। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए 1 केबिन है। 40 केबिन वाले इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। इस ट्रेन का नाम गोल्डन चैरियट है जिसका मतलब होता है स्वर्ण रथ। यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम, आरामदायक बेड, शानदार टीवी जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है।

गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है। जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं। जहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन इंटरनेशनल ब्रांडों के क्रॉकरी और कटलरी में परोसे जाएंगे। इसके साथ ही बार में बेहतरीन और ब्रांडेड वाइन, बीयर और मदीरा मौजूद है। इस गोल्डन चैरियट ट्रेन में आरोग्य स्पा, हाइटेक जिम, पूरी ट्रेन सीसीटीवी कैमरे और फायर अलार्म सिस्टम से लैस है। पूरी ट्रेन किसी 7 स्टार होटल से कम नहीं है। लग्जरी ट्रेन 5 रातें और 6 दिन गुजारने के लिए आपको मात्र 4,00,530 और 5 फीसदी जीएसटी देना होगा। जिसमें रहना, खाना, शराब, प्रवेश टिकट, गाइड आदि शामिल है।

**2024-25 के लिए रुट :** कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर बांदीपुर, मैसूर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, हम्पी, गोवा और वापस बेंगलुरु। दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर मैसूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, तंजावुर, चेट्टीनाड, कोचीन, चेरतला और वापस बेंगलुरु।

14 दिसंबर, 2024 : कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन), 21 दिसंबर, 2024-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन), 4 जनवरी, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन), 1 फरवरी, 2025 -कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन), 15 फरवरी, 2025-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) और 1 मार्च, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## बुलडोजर पर न्याय का हथौड़ा

**सही** मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है। इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है। दूसरे शब्दों में, खुद ही आरोप तय करके और खुद ही न्याय करने की लोकसेवकों की कोशिश को सिरे से नकार दिया है। कोर्ट ने आईना दिखाया कि शासन-प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्याय करने वाले कथित बुलडोजर न्याय को तार्किक बताने का प्रयास किया। जबकि बिना मुकदमा चलाये किसी को सजा देने का अधिकार किसी लोकसेवक को नहीं है। वैसे भी किसी भी अपराधी के कृत्य की सजा उसके पूरे परिवार को नहीं दी जा सकती। किसी एक घर को बनाने में व्यक्ति के जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है। जिसे कुछ घंटों में बिना प्रतिवाद का मौका दिए ध्वस्त करना, जंगलराज का ही पर्याय कहा जा सकता है। यही वजह है कि अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि किसी व्यक्ति का घर तोड़ने की कार्रवाई कानून की प्रक्रिया के विरुद्ध पायी जाती है तो तोड़े गए घर को बनाने का खर्च संबंधित अधिकारी के वेतन से काटा जाएगा। लेकिन दूसरी ओर अपने फैसले के आलोक में शीर्ष अदालत यह बताने में नहीं चूकी कि यह फैसला सरकारी जमीन, सार्वजनिक स्थलों मसलन रेलवे लाइन, फुटपाथ, सड़क पर किए गए अतिक्रमण या गैरकानूनी निर्माण पर लागू नहीं होगा। वैसे यह भी एक हकीकत है कि सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण रातोंरात नहीं होते। ये अवैध कार्य राजनीतिक संरक्षण व नौकरशाही की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। कई मामलों में महीनों नहीं, सालों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बढ़ते हैं। निश्चित रूप से किसी अवैध संरचना को समयबद्ध और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ध्वस्त किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवादी को अपनी बात रखने का मौका भी मिलना चाहिए। कह सकते हैं कि शीर्ष अदालत ने सख्त फैसला देने के साथ न्यायिक संतुलन का आदर्श प्रस्तुत किया है। जो कालांतर लोकतांत्रिक देश में संवैधानिक मूल्यों को समृद्ध करेगा।

> कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा।

सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए

## भारत की पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने की मांग

ललित गर्ग

> पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की समृद्ध एवं शक्तिशाली परम्पराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। वे आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिये भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरु कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का



पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी। दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा। आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरुआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खर्चीली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पर्धाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं। अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं जो तरह-तरह की बीमारियों पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम है।

दृष्टि कोण

## कई आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर संकट

**झारखंड** के विधानसभा चुनाव में संथाल क्षेत्र में आदिवासी आबादी कम होना बड़ा मुद्दा है। वास्तव में पूरे देश में ही प्रत्येक आदिवासी समुदाय की संख्या घट रही है। झारखंड की 70 फीसदी आबादी 33 आदिवासी समुदायों की है। यहां पिछले कई वर्षों से 10 ऐसी जनजातियां हैं, जिनकी आबादी बढ़ नहीं रही है। ये आदिवासी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक रूप से कमजोर तो हैं ही, साथ ही इनके विलुप्त होने का खतरा भी है। ऐसा ही संकट बस्तर इलाके में भी है। देश भर की दो-तिहाई आदिवासी जनजाति मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, गुजरात और राजस्थान में रहती है, जिनकी आबादी लगातार कम होने के आंकड़े हैं। याद करना होगा कि अंडमान निकोबार और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बीते चार दशकों में कई जनजातियां लुप्त हो गईं। एक जनजाति के साथ उसकी भाषा-बोली, मिथक, मान्यताएं, संस्कार, भोजन, आदिम ज्ञान सब कुछ लुप्त हो जाता है। झारखंड में आदिम जनजातियों की संख्या वर्ष 2011 में घटकर दो लाख 92 हजार रह गई। ये जनजातियां हैं— कंवर, बंजारा, बथुडी, बिझिया, कोल, गौरेत, कॉड, किसान, गोंड और कोरा। इसके अलावा माल्तो-पहाड़िया, बिरहोर, असुर, बैगा भी ऐसी जनजातियां हैं, जिनकी आबादी में लगातार गिरावट आ रही है। राज्य सरकार ने इन्हें पीवीजीटी श्रेणी में रखा है। एक बात आश्चर्यजनक है कि मुंडा, उरांव, संताल जैसे आदिवासी समुदाय जो कि सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर आगे आ गए, जिनका अपना मध्य वर्ग उभर कर आया, उनकी जनगणना में आंकड़े देश के जनगणना विस्तार के अनुरूप ही हैं। बस्तर में गौंड, दोरले, धुरबे आबादी के लिहाज से सबसे ज्यादा पिछड़ रहे हैं। कोरिया, सरगूजा, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सभी जिलों में आदिवासी आबादी तेजी से घटी है। आम आदिवासी की जितनी भी पुरानी कथाएं हैं, उनमें उनके सुदूर क्षेत्रों से पलायन और एकांतवास का मूल कारण है कि वे शांतिप्रिय तथा किसी से युद्ध नहीं चाहते थे। आज भी वे नक्सलवादी हिंसा और प्रतिहिंसा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में पलायन करते रहे हैं। बस्तर के बासागुड़ को ही लें, एक शानदार बस्ती थी, तीन हजार की आबादी वाला। इधर सलवा जुडुम ने जोर मारा और उधर नक्सलियों ने हिंसा की तो आधी से ज्यादा आबादी भागकर तेलंगाना के चेरला के जंगलों में चली गई। अकेले सुकमा जिले से पुराने हिंसा दौर में पलायन किए 15 हजार परिवारों में से आधे भी नहीं लौटे। एक और भयावह बात है कि परिवार कल्याण के आंकड़े पूरे करने के लिए कई बार इन मजबूर लोगों को कुछ पैसे का लालच देकर नसबंदी कर दी जाती है। मध्य प्रदेश में 43 आदिवासी समूह हैं, जिनकी आबादी डेढ़ करोड़ के आसपास है। यहां भी बड़े समूह तो प्रगति कर रहे हैं लेकिन कई आदिवासी समूह विलुप्त होने के कगार पर हैं। इनमें भील-भिलाला आदिवासी समूह की जनसंख्या सबसे ज्यादा (59.939 लाख) है। इसके बाद गोंड समुदाय की जनसंख्या 50.931 लाख, कोल आदिवासियों की जनसंख्या 11.676 लाख, कोरकू आदिवासियों की जनसंख्या 7.308 लाख और सहरिया आदिवासियों की आबादी 6.149 लाख है। इनकी जनसंख्या वृद्धि दर, बाल मृत्यु दर में कमी आदि में खासा सुधार है, लेकिन दूसरी तरफ बिरहुल या बिरहोर आदिवासी समुदाय की जनसंख्या केवल 52 है। कोंध समूह (मुख्यतः ओडिशा में रहने वाले) की जनसंख्या 109, परजा की जनसंख्या 137 और सौंता समूह की जनसंख्या 190 है। असल में इनका समुदाय बहुत छोटा है और इनके विवाह संबंध बहुत छोटे समूह में ही होते रहते हैं। अतः जैनेटिक कारणों से भी वंश-वृद्धि न होने की एक संभावना है। देश की करीब 55 प्रतिशत आदिवासी आबादी अपने पारंपरिक आवास से बाहर निकलकर निवास कर रही है। किसानी या जंगल उत्पादों पर अपना जीवनयापन करने वाली जनजातियों के प्राकृतिक संसाधन कम हो गए, इसके चलते उनका पलायन हुआ।

कुछ अलग

## ट्रंप के नगीने विवेक रामास्वामी के मंसूबे

**वैसे** तो यह 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' जैसी हकीकत है। फिर भी हम खुश हो सकते हैं कि केरल से गए एक भारतवंशी की दूसरी पीढ़ी के एक शख्स को, अमेरिका में बड़े बदलावों की जिम्मेदारी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है। उन्हें दुनिया में क्रांतिकारी औद्योगिक बदलावों के लिये चर्चित स्पेसएक्स,एक्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क के समकक्ष यह जिम्मेदारी दी गई है। वही एलन मस्क जो चुनाव के अंतिम चरण में हर रोज एक लाख डॉलर ट्रंप के पक्ष में हवा बनाने के लिये खर्च कर रहे थे। सरकार गठन से पहले विवेक रामास्वामी को मस्क के साथ डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएन्सी यानी डीओजीई का मुखिया बनाया है। निश्चित रूप से यह महत्वपूर्ण जगह इस भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने कड़ी मेहनत और अपनी योग्यता के आधार पर बनायी है। लेकिन इस खुशी के साथ एक विडंबना यह भी है कि वे प्रवासियों के अमेरिका में आने के खिलाफ हैं। विवेक उस एच-1बी वीजा प्रोग्राम को खत्म करना चाहते हैं, जिसके बूते तमाम भारतीय प्रतिभाएं अपनी योग्यता से अमेरिका को सारी दुनिया में महका रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रामास्वामी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें देशभक्त अमेरिकी की संज्ञा दी। हकीकत में वे कट्टर अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं। जिसके लिये उन्हें भारत का नुकसान करने में कोई परहेज नहीं होगा। यही वजह है कि इस बड़ी भूमिका मिलने के बाद उन्होंने तत्काल टिप्पणी भी की, कि हम नरमी से पेश नहीं आने वाले। वे ट्रंप की मंशा को आक्रामकता के साथ लागू करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। दरअसल, डीओजीई की भूमिका उन विभागों को खत्म करने या उनमें आमूल-चूल बदलाव करने की है, जो समय के साथ अप्रासंगिक हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इन विभागों में शिक्षा के साथ-साथ एफबीआई भी शामिल है। रिपब्लिकन में यह धारणा बन चुकी है कि विगत पांच सालों में एफबीआई डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ काम करती रही है। रिपब्लिकनों का पांचवां हिस्सा भी ऐसा ही मानता है। ऐसी ही कई सरकारी विभागों तथा एजेंसियों को खत्म करने की दलील रामास्वामी देते रहे हैं। जिसका लक्ष्य है नौकरशाही के अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाकर अर्थव्यवस्था को संबल देना । साथ ही वे कई अन्य संघीय विभागों को भी मौजूदा समय में अनुपयोगी मानते हैं। वे परमाणु नियामक, घरेलू राजस्व सेवा, शिक्षा विभाग व एफबीआई को बंद करने की वकालत करते रहे हैं। निस्संदेह, अरबपति रामास्वामी की उपलब्धियां चौंकाने वाली हैं। सात अरब डॉलर की बायोटेक कंपनी रोयवेंट साइंसेज के संस्थापक रामास्वामी ने बायो टेक्नॉलाजी के जरिये अरबों रुपये कमाये। उनका परिवार कभी केरल से अमेरिका गया था। उनके इंजीनियर पिता वी गणपति रामास्वामी ने नेशनल इंस्टीट्यूट, कालीकट से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री हासिल की थी। पिता ने अमेरिका में इंजीनियर के तौर पर और मां ने मनोचिकित्सक के तौर पर कार्य किया। विवेक का जन्म केरल मूल के भारतीय माता-पिता के घर ओहायो में हुआ। वे ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में सर्जन और असिस्टेंट प्रोफेसर पत्नी अपूर्वा व दो बेटों के साथ कोलंबस में रहते हैं। रामास्वामी के व्यक्तित्व के कई आयाम हैं। वे राजनीति में आने से पहले बहुचर्चित पुस्तकों के लेखक भी रहे। वे अपने को प्रबल अमेरिकी राष्ट्रवादी बताते हैं और अपने सपने पूरे करने के लिये एक सांस्कृतिक आंदोलन की जरूरत भी बताते हैं। जिसके लिये वे 'सेव अमेरिका' अभियान की अगुवाई करते हैं जो डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी नारे से मेल भी खाता है।

देश दुनीया से

## जलवायु और स्वास्थ्य नीतियों में तारतम्य का वक्त

**अज़रबैजान** के बाकू में जलवायु वार्ता का वार्षिक दौर खतरे की घंटी के साथ शुरू हुआ है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपने वार्षिक आकलन में बताया है कि 2024 सबसे गर्म साल रहने का रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जिसमें जनवरी और सितंबर के बीच वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि का पारा औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर से लगभग 1.54 डिग्री सेल्सियस अधिक के आसपास मंडराता रहा। यह एक गंभीर खतरा है क्योंकि यह इजाफा उस 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम सीमा से ऊपर है, जिसे वैज्ञानिकों ने तय किया था और विश्व समुदाय ने उत्सर्जन में कमी लाकर इसको इस हद से नीचा रखने के लिए सहमति बनाई थी। पेरिस समझौते का लक्ष्य औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर की तुलना में धरती की सतह के औसत वैश्विक तापमान में वृद्धि को दीर्घकाल में 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने और ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना था। जबकि इस वर्ष ला नीना प्रभाव के कारण गर्मी में बढ़ोतरी हो सकती है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड घनत्व निरंतर बढ़ रहा है जो तापमान वृद्धि का कारण बनती है। तापमान वृद्धि से अतिवृष्टि और बाढ़, तीव्र उष्णकटिबंधीय चक्रवात, जानलेवा गर्मी, सूखा और जंगल की आग जैसे भयावह परिणामों के अलावा अनेक गहरे प्रभाव पड़ रहे हैं। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने व्याख्या की है : 'जलवायु आपदा स्वास्थ्य को नुकसान, असमानता में बढ़ोतरी और सतत विकास को हानि पहुंचा रही है, यह शांति की नींव को भी हिला रही है'। फंड, उपायों पर अमल और जलवायु वार्ताओं के परिणाम चाहे जो भी हों, दुनिया के सामने यह संकट मुंह बाए खड़ा है। जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव व्यापक होता है। स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर हालिया रिपोर्ट 'द लैंसेट काउंटडाउन' बताती है :'हर देश में अब लोगों को अपने स्वास्थ्य और अस्तित्व पर बने खतरे का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जलवायु संकट बढ़ रहे हैं'। सेहत पर प्रभाव डालने वाले कारकों में अब बढ़ती गर्मी प्रमुख वजह है, वर्ष 2023 में लोगों को औसतन 50 से अधिक दिनों तक लगातार प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ी, जबकि मौसम में आए बदलावों से पहले ऐसा नहीं होता था। इसके परिणामवश 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जितने लोगों की मौतें हुई, वे 1990 के दशक के औसत से 167 प्रतिशत अधिक हैं। सर्वेक्षण में पाया कि 31 देशों ने कम-से-कम 100 दिनों से अधिक अवधि के लिए स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बनी गर्मी भुगती, जलवायु परिवर्तन के बिना ऐसा होने की उम्मीद न होती। गर्मी के असर से शारीरिक गतिविधि और नींद की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे शारीरिक-मानसिक सेहत प्रभावित हो रही है। जो कर्मचारी खुले में या गैर-ठंडे बाहरी वातावरण में काम करते हैं, उन्हें स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है और उनकी उत्पादकता प्रभावित होती है। यह बहुत बड़ा नुकसान है क्योंकि विश्व स्तर पर लगभग 1.6 बिलियन लोग यानि कामकाजी आयु वर्ग की 25.9 प्रतिशत हिस्सा खुले में काम करता है। इसमें कृषि मज़दूर, विनिर्माण एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर कार्यरत और अनौपचारिक क्षेत्र में लगे लोग शामिल हैं। स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का अन्य बड़ा असर यह होगा कि इससे जल-जनित, मच्छर-जनित, खानपान-जनित और वायु-जनित रोगों का प्रसार बढ़ने का खतरा है। बढ़ता तापमान, अतिशयी बारिश एवं सूखा, भूमि उपयोग में बदलाव और मानवीय गतिविधियां इस जोखिम में इजाफा करते हैं। उदाहरणार्थ पिछले 20 सालों में विश्व में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। 2023 में, एडीज एजिप्टी जैसे मच्छर का और अधिक इलाकों में फैलाव होने के कारण दुनियाभर में डेंगू के लगभग पचास लाख मामले सामने आए। तापमान वृद्धि के साथ हाल के दशकों में मलेरिया फैलने वाली अवधि भी बढ़ी है। दुनिया का 17 प्रतिशत अतिरिक्त भूभाग पी-फाल्सीपेरम जैसे मलेरिया परजीवियों के फलने-फूलने के अनुकूल हो गया है। जलाशयों के तापमान और लवणता में परिवर्तन के चलते जल जनित रोगों का संक्रमण अधिक फैल रहा है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती और जलवायु परिवर्तन धीमा करने को निर्णायक कदम उठाने पर राजनेताओं और नीति निर्माताओं में आम सहमति बनने का दुनिया अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकती। वार्षिक जलवायु परिवर्तन वार्ताएं अपने-अपने राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय आर्थिक हितों की रक्षा सुनिश्चित रखने के प्रयास बनकर रह गई हैं, और ऐसे पैंतरे अपनाए जाते हैं जिससे काम जल्दी होने की बजाय लटका रहे। इसलिए रास्ता यही कि लचीला जलवायु संबंधी तंत्र बने और उस पर अमल हो। हालांकि यह करना भी एक चुनौती है, उदाहरणार्थ, एयर-कंडीशनिंग जैसा उपाय अपनाना गर्मी के बढ़ते प्रकोप का स्थायी हल नहीं। यह महंगा व ऊर्जा की भारी खपत करने वाला है ,गर्मी के उत्सर्जन में योगदान करता है। इससे शहरी क्षेत्रों में, वाणिज्यिक और आवासीय भवनों में एयर-कंडीशनर के अत्यधिक उपयोग से बना 'हीट आइलैंड' बढ़ता है। इसलिए, हमें अक्षय ऊर्जा के साथ-साथ नवीकरणीय कम ऊर्जा खपत वाली शीतलन तकनीकों द्वारा संचालित एयर-कंडीशनिंग चाहिये। डेंगू जैसी चुनौतियों के लिए, हमें जोखिम कम करने, एकीकृत मच्छर नियंत्रण उपायों और स्वास्थ्य प्रणालियों को अधिक प्रतिक्रियाशील बनाने पर जोर देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र को भी अपने उत्सर्जन में कटौती करनी होगी – वर्तमान में, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा 5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ ने कॉप-29 सम्मेलन से पहले जारी की रिपोर्ट में बताया है कि स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए शहरों पर ध्यान देना आवश्यक है। शहरी नीतियां कुछ ऐसी बनाई जाती हैं जिनका असर वायु गुणवत्ता, परिवहन, ऊर्जा उपयोग, शहरी डिज़ाइन, हरित क्षेत्र, आवास और भोजन की पहुंच पर होता है और यह आगे सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए, कम कार्बन और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों वाले बदलाव लाने में देरी मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ी हानि है। स्वास्थ्य पर जलवायु बदलावों का असर कम करने वाले तमाम उपायों पर काम करने की गाड़ी आखिर में आकर नई व्यवस्था और बेहतर विकल्प अपनाने पर होने वाले खर्च पर आकर अटक जाती है।




आप का नजरीया

## चंडीगढ़ की कसक

**अभी** भी चंडीगढ़ के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि शहर की फिजा में इतना ज़हर घुल चुका है कि एक्यूआई चार सौ का आंकड़ा पार कर गया। सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से विख्यात इस शहर को किसकी नज़र लगी, शहर के बाशिंदे अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। लोग बताते नहीं थकते कि ऐसा मंजर उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखा है। कभी लोग इस शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्यवर्धक आबोहवा की कसमें खाया करते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर, जिसे तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो ने रात-दिन एक करके हकीकत बनाया। फिर फ्रांस के नामचीन वास्तुकार ली कार्बूजिए ने अपनी भारतीय टीम के साथ मिलकर उस सपने को साकार किया। भरपूर हरियाली और योजनाबद्ध तरीके से बने शहर में ऐसा कुछ नहीं दिखता जो भयावह प्रदूषण का सबब बने। विस्तृत सुखना झील, इसके पर्यावरण व सौंदर्य को निखारती है और आबोहवा को शुद्ध करती है। इस शहर को तीन प्रदेशों की राजधानी होने का दर्जा हासिल है। पंजाब व हरियाणा के साथ खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की भी राजधानी है। ऐसे में जब सिटी ब्यूटीफुल के लोगों ने अखबारों में चंडीगढ़ के एक्यूआई लेवल के चार सौ पार करने का समाचार पढ़ा तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। एक शहर जिसके सौंदर्य व आबोहवा की शान में पंजाबी गीतों में तमाम कसीदे पढ़े जाते थे, उसे यकायक ये क्या हो गया। शासन प्रशासन के लिये भी यह एक नई चुनौती थी। ऐसी स्थिति पहले कभी उसके सामने आई भी नहीं थी। नौकरशाह भी हतप्रभ थे कि किया क्या जाए। इस ज़हरीली फिजा में प्रत्यक्ष तौर पर शहर की भूमिका भी तो नहीं थी। यहां न तो ऐसी कोई इंडस्ट्री थी और न ही थर्मल प्लांट आदि, जिन पर तत्काल कार्रवाई होती। एक सुनियोजित-व्यवस्थित शहर व जागरूक नागरिक और साथ में सचेत तंत्र। वैसे आधुनिक सभ्यता की विसंगतियां तो जरूर थीं जो तापमान बढ़ाने में किसी हद तक भूमिका निभाती हैं। बहरहाल, समय के साथ-साथ बहुत कुछ ऐसा बदला जरूर है जो इस शहर की आबोहवा में दखल देता है। कभी चंडीगढ़ को बाबुओं का शहर कहा जाता था। बदलते वक्त के साथ कारों का हुजूम जरूर यातायात और पार्किंग की समस्या खड़ी करता है। लेकिन उसकी एक्यूआई लेवल को चार सौ पार पहुंचाने में इतनी बड़ी भूमिका भी नहीं रही। वैसे तो आधुनिक जीवनशैली के चलते एसी, फ्रिज, कार और निकटवर्ती इलाकों में अंधाधुंध निर्माण कार्यों में तेजी ने हमारे पर्यावरण पर हर शहर की तरह असर तो डाला है। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें जो भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु निभानी चाहिए, वो हम नहीं निभाते हैं। यूं तो चंडीगढ़ का मूल स्वरूप बरकरार है। कुछ सेक्टर नये जुड़े हैं, लेकिन सुनियोजित तरीके से ही उनका विस्तार हुआ। चंडीगढ़ के निर्धारित स्वरूप के चलते इसके अधिक विस्तार की गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन इसके चारों ओर तमाम छोटे-बड़े शहरों का विस्तार हुआ है। घनी आबादी कहीं न कहीं चंडीगढ़ पर दबाव जरूर बनाती है। लेकिन यह स्थिति उतनी विकट नहीं है कि शहर का एक्यूआई लेवल चार सौ पार करे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# ट्रैक्टर ने बाईक सवार को रौंदा, एक की मौत, एक घायल

## ग्रामीणो व परिजनो ने काटा बबाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर-हंटरगंज मुख्य पथ स्थित रामपुर गणेशी होटल के समीप बुधवार देर संध्या को तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ने एक बाईक सवार को रौदा डाला। जिससे घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वही एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मृतक व्यक्ति थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव निवासी दिनेश यादव(32) पिता इन्दर यादव बताया जाता है, वही घायल उसी गांव के पप्पु यादव पिता राजेश यादव के रूप में पहचान किया गया। घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाई है वही घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य मे ईलाज किया गया है। घायल को बेहतर ईलाज के लिए




सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया है। पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर को पकड़कर थाना नही लाने पर ग्रामीणो ने पुलिस के प्रति जमकर बवाल काटा। तथा थाना मे रखे कुर्सी टेबूल व अन्य समाग्री को तहस नहज कर, तथा पुलिस हाय हाय किया। वही भाई छोटु यादव वह दूसरे मोटरसाईकिल से पीछे चल रहे सुनिल कुमार यादव व रूपेश यादव वह परिजनो ने बताया कि एक बाईक पर सवार होकर दिनेश यादव व पप्पु यादव अपने बहन के घर कोल्हान ,मंजराही गये थे। वह संध्या में वापस घर कारूडीह आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दिनेश यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है मृतक के पत्नी के अलावे दो छोटे-छोटे बच्ची है।

## कस्तूरबा विद्यालय में 15 से 26 नवंबर तक चलेगा जनजातीय गौरव दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जनजाति गौरव दिवस15 नवंबर से चल रहा है। जो 26 नवंबर तक चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर उनके जीवन की व्याख्या करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। साथ ही साथ उनके जीवन की उल्लेखनीय एवं इनके बताए हुए दिशा निर्देश के अनुसार बच्चियों ने जनजातीय गौरव दिवस मना रही हैं। तथा इन 12 दिनों में अलग-अलग कार्यकर कई कार्यक्रम कर रही हैं। तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने पर कार्य करते हुए जल जंगल जमीन की रक्षा करने की भी बात की गई है। तथा सभी को संघर्ष करने की भी लोगों से अनुरोध कर रही है। इस संबंध में वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताई। की एक नहीं उनके बताए हुए निर्देश को आम जनता को भी मानने की जरूरत है। तब आगे का पर्यावरण बचेगा जब जंगल झाड़ जमीन बचाई जाएगी। और आने वाला भविष्य बच्चे उज्जवल होंगे?।

## 23 नवंबर को चतरा कॉलेज चतरा में सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्र की वोटों की होगी मतगणना, तैयारी पूरी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हुआ। वोटों की मतगणना चतरा कॉलेज चतरा में होना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। मतगणना के कार्य के सफल संचालन हेतु आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार ईवीएम/भीभी पैट मशीन को विहित प्रक्रिया के तहत् तथा संबंधित कंट्रोल यूनिट/बैलेट पेपर एवं साविधिक / असाविधिक पैकेट को निर्धारित बक्सा में सीलिंग किये जाने हेतु विधानसभावार प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी / पर्यवेक्षक / कर्मी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण 10 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक सभी संबंधित को दिया गया। वहीं इसी प्रशिक्षण भवन हॉल में 2 बजे से मतगणना हेतु मतगणना स्थल पर, मतगणना संबंधी कार्य एवं अन्य मतगणना संबंधी विभिन्न कार्य किये जाने हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पदाधिकारी / पर्यवेक्षक/कर्मियों को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर की असर, खोया हुआ व्यक्ति मिला, हुआ घर वापसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के बगरा गांव निवासी प्रेम कुमार यादव बीते कई दिनों से खोया हुआ था। जो लातेहार जिला के पांकी सिल्दीलिया से गांव से परिजनों ने बरामद किया है। जानकारी के अनुशार प्रेम कुमार यादव का दिमागी हालत कुछ नहीं था। जिसके कारण एक 15 दिन पूर्व लगभग बगरा गांव से अचानक गायब हो गया था। जिसे लेकर परिजनों ने सिमरिया थाना को गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज किया था। वहीं पत्रकारों को भी अपने अखबारों और सोशल साइट में खबर प्रकाशित करने की बात कही थी। मामले को लेकर पत्रकारों ने भी अखबार से लेकर सोशल साइट पर प्रमुखता



से खबर प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद ग्रामीणों ने दिए गए नंबर पर उक्त खोया व्यक्ति की जानकारी पांकी गांव की सिल्दीलिया में होने और ले जाने की सूचना ग्रामीण सज्जनों ने दिया। तत्पश्चात परिजनों ने पांकी के सिल्दीलिया में जाकर प्रेम कुमार यादव को बरामद कर वापस बगरा घर लाया। इसे लेकर परिजनों ने सोशल मीडिया को धन्यवाद और दुहाई दिया है। कहा है कि मेरा पुत्र दिमागी हालत ठीक नहीं रहने के कारण भटकते भटकते पांकी के सिल्दीलिया चला गया था। यदि सोशल मीडिया के माध्यम से वहां के ग्रामीणों को जानकारी नहीं मिलती तो शायद हमारा पुत्र इतना आसानी से मुझे प्राप्त नहीं होता।

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड अंतर्गत धमनिया मोड में संचालित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि मौलाना इसराइल मजाहिरी, विशिष्ट अतिथि अजय सोनी तथा विद्यालय के निदेशक निशार अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे। आयोजन में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक खेल का प्रतिभा दिखाया।वहीं जूनियर क्लासेज के लिए 50 मीटर रेस, बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर रेस तथा सीनियर क्लास में 200 मीटर रेस, चम्मच रेस, रोप रेस, मैथ रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, लांग जंप हाइ जंप इत्यादि अनेकों तरह के खेल शामिल थे। जूनियर क्लास में अव्वल आने वाले प्रतिभागी, मो फरीद, तारिक जमील, संजीत कुमार,राधिका दूसरे स्थान पर यश कुमार, आरिफ अंसारी, माया राज, मो मुनाजिर, मो




तुफैल, तथा तीसरे स्थान पर अफ़ीफा प्रवीण, अमीषा भोक्ता, वर्षा कुमारी रहीं। उच्च कक्षा में प्रथम स्थान पर अनुराग कुमार, अलीशा भोक्ता, हेना परवीन, मो अनवर, मो अरमान, मो मुकर्रम,जैद अली, अनुज कुमार, यास्मीन परवीन, आशिया परवीन, मो तौसीफ, जास्मिन परवीन,मो शाद, मो रेहान, अंजलि कुमारी दूसरे स्थान पर मो हसनैन राशि कुमारी, आफरीन परवीन, तथा तीसरे स्थान पर लक्की कुमार, मो एहतेशाम, साक्षी कुमारी रहीं। सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने कहा कि खेल का भावना रखें, कोई खेल खेलें। खेलों के लिए ना मत कहिए खेल खेलना अच्छा मनोरंजन है। खेल आपको फिट और तंदुरुस्त रखते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहयोगी शिक्षक रौनक मैम, सुरेंद्र कुमार, पूनम राज, स्वीटी पाठक, मंजू कुमारी, बुशरा जबीं, मो सोहेल तथा विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

## पूर्व सरपंच के आकस्मिक निधन, अंतिम संस्कार में पहुंचे महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा सहित अन्य नेता



**लावालौंग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कोलकोले पंचायत के चुकरु गांव के पूर्व सरपंच तथा समाजसेवी धाना महतो जो अपने क्षेत्र में 32 वर्षों तक सरपंच बनकर लोगों की सेवा करते रहे। उन्होंने अपने पैतृक निवास कोलकोले चुकरू में बूधवार की रात 73 वर्ष की उम्र में अन्तिम सांस ली है। इस तरह उनकी आकस्मिक निधन की सुचना समाजसेवी सह राजद के वरिष्ठ नेता उनके पुत्र अर्जुन यादव ने दूरभाष के माध्यम से दी। तथा गुरुवार सुबह 11:00 कोलकोले श्मशान घाट में अन्तिम संस्कार किया गया।जिसमे महागठबंधन के विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा, जिला परिषद् सदस्य प्रसाद भारती, कोलकोले मुखिया सहमुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष छठू सिंह भोगता, प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी श्रवण कुमार रजक, मो0 जफरूद्दीन, उपमुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी मुकेश कुमार यादव, सलीम अख्तर, नासीर अंसारी, राजेश साहु, मो0 आबीद, नौशाद आलम एवं अन्य कई नेता जनप्रतिनिधी और भारी संख्या लोग सामिल हुए।वही उपस्थिति जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने सांत्वना देते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा के शांति के लिए भगवान् से प्रार्थना किया। उपस्थित लोगो ने कहा कि धाना माहतो बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे उन्होंने अपने सरपंच के कार्यकाल के दौरान पंचायत और प्रखंड में बहुत ही लोकप्रियता हासिल किया था। इस तरह महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा क्षेत्र में सभी के सुख सुख में हमेशा रहते हैं शामिल। अब देखना यह होगा कि उनका इस तरह क्षेत्रवासियों के साथ सुख दुख में शामिल होना कितना सार्थक हुआ है या होगा। चुकी मतगणना अगले 23 नवंबर को होनी है। मनोज चंद्रा का क्षेत्रवासियों के साथ जुड़ाव का और कार्यों का इनाम क्षेत्र वासियों द्वारा कितना बहुमत देकर जीत का इनाम दिया जाता है।

## स्कूल से रहते थे गायब, अब बीईईओ को देगें जवाब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बारियातू प्रखंड में एक पंचायत है अमरवाडीह इस पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, महुआटांड़ के दोनों सहायक अध्यापकों पर ग्रामीणों ने ऑनलाइन हाजरी बना कर स्कूल से दिन भर गायब रहने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। इस इस मामले को अखबारों में प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया था इस पर संज्ञान लेते हुए बीईईओ नागेंद्र प्रसाद सिंह ने दोनों सहायक अध्यापकों से स्पष्टीकरण की मांग की है।बीईईओ ने बताया कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआटांड़ के दोनों सहायक अध्यापक बलदेव उरांव एवं चम्मू उरांव विद्यालय से गायब रहने की जानकारी प्राप्त होने के बाद टोंटी संकुल सीआरपी विजय कुमार यादव को विद्यालय भेजकर रिपोर्ट मंगायी गयी थी। दोनों सहायक अध्यापकों से दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। उनका मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया गया है। बीईईओ ने कहा कि निर्धारित समय से पहले विद्यलाय बंद होना गंभीर बात है और इसे कभी बरदास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्यालय कार्य विद्यालय की छुट्टी के बाद बंद करने का निर्देश दिया। बता दें कि मंगलवार को उप्रावि के प्रधानाध्यापक बलदेव उरांव एवं सहायक अध्यापक चम्मू उरांव हाजिरी बनाकर सुबह 11 बजे स्कूल बंद कर गायब हो गये थे। उस दिन छात्रों को मध्याह्न भोजन भी नहीं मिला था।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारी को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

## मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति होगी वर्जित : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा चुनाव के तहत 23 नवंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों को लेकर 21 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतगणना की प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलट से हुए मतदान की गिनती की जायेगी। इसके बाद 8:30 बजे से इवीएम के माध्यम से हुए मतदान की गिनती होगी। इवीएम से हुए मतदान की गिनती के लिए




लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए 16-16 टेबल लगाया जायेगा। वहीं, पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती के लिए 10-10 टेबल लगाया जायेगा। उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं होगी।उपायुक्त ने मतगणना केंद्र में सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता बनाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। मतगणना प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के पूर्व प्रशिक्षण देने से संबंधित जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों से मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समय पर मतगणना प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मतगणना के लिए उपयोग में आने वाले स्टेशनरी सामग्रियों की उपलब्धता व गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जाम से बचने के लिए मतगणना केन्द्र तक वाहन वर्जित ड्राप डाउन गेट का प्रबंध




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम चुनाव 2024 के क्रम में दिनांक 23 नवंबर 2024 को राजकीय पॉलिटेक्निक, लातेहार में निर्धारित मतगणना कार्य के दृष्टिगत एवं पोलिटेकनीक, लातेहार का सिंगल रुट होने के कारण जाम की समस्या से बचने के लिये अधोलिखित स्थल पर ड्रॉप डाउन गेट रहेगा:जुबली चौक से 2.5 किलोमीटर में रेहड़ा मोड़ (अम्वाटीकर जाने वाले रास्ते में) कुरा मोड़ (यात्री शेड के आगे) धर्मपुर मोड़ पर (बाजार जाने वाले रास्ते पर) रेहड़ा मोड़ से होकर कुरा मोड़ तक मतगणना कर्मी / पदाधिकारी की गाड़ी को छोड़कर किसी भी प्रकार के वाहन का परिचालन मतगणना समाप्ति तक वर्जित रहेगा।

## स्ट्राइक पर गये चालक व उपचालक, कहा कंपनी मांगें करें पूरी

### उग्रवादी घटना के बाद हाइवा के चालक व उप चालक दहशत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लातेहार :** गत मंगलवार 19 नवंबर) की रात्रि लातेहार-नवादा मार्ग पर तुबेद कोल माइन से कोयला परिवहन कार्य में लगी पांच हाइवा में जेपीसी के उग्रवादियों ने आग लगा दी थी। इस घटना के बाद कोयला परिवहन कार्य में लगे अन-?य हाइवा के चालक व उप चालक तथा मालिक दहशत हैं।मंगलवार की रात्रि हुई उग्रवादी घटना के बाद चालक व उप चालक स्ट्राइक में चले गए हैं।इस कारण कोयला परिवहन का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। चालकों का कहना है कि परिवहन के दौरान लगातार उग्रवादी घटनायें हो रही है। ऐसी घटनाओं से वे काफी दहशत में हैं।चालकों ने उग्रवादी या अपराधिक घटनाओं में चालक व उप चालक की मौत होने पर ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के द्वारा 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा ऐसे परिवारों को15 हजार रुपए पेंशन प्रति माह देने और घटनाओं में घायल होने पर ईलाज का पूरा खर्च व10 हजार रुपए पेंशन देने की मांग की। चालकों ने कहा कि ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा चालकों को 12 घंटा ड्यूटी करने का दवाब दिया जाता है।चालकों ने कहा कि वे मात्र आठ घंटा ही ड्यूटी करेंगे।चालकों के स्ट्राइक पर चले जाने की सूचना पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने चालकों से बात की। चालकों की मांग पर कंपनी के अधिकारियों ने कोयला परिवहन के दौरान होने वाली घटनाओं में मौत होने पर 15 लाख का मुआवजा और घायल होने पर समुचित इलाज कराने का मौखिक आश्वासन दिया।लेकिन चालक लिखित मांग पर अड़े थे। इस कारण कोई नतीजा नहीं निकल सका। वहीं इन सब मांगों को लेकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रहे हाईवा मालिकों ने भी अपनी मांग रखी है।कहा कि ऐसी घटनाओं होने से वाहन चालकों को काफी नुकसान हो रहा है। मौके पर मो आरिफ, निरंजन कुमार रवि, तबारक, करीम अंसारी, जय सिंह, अजमुद्दीन, अखिलेश सिंह, धीरज कुमार, कुलदीप यादव, राम प्रजापति, जमीर अंसारी, तनवीर, दिलकश राज और गोपाल दास समेत कई चालक मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर

## ग्रामीणों ने की जांच व प्राक्कलन के अनुरुप कार्य कराने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** सड़क निर्माण में घोरअनियमितता व प्राक्कलन के अनुरुप कार्य ना होने का मामला उजागर हुआ है।गौरतलब है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा हेरहंज से लाटू फुलसु होते हुए बारियातू तक बन रही सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण परियोजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला प्रकाश मेंआया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस सड़क का निर्माण लगभग 72 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसकी कुल लंबाई 23.3 किलोमीटर है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक दिनेश चंद्र अग्रवाल ने नियमों की अनदेखी करते हुए गुणवत्ता से समझौता किया है। पुराने कालीकरण सड़क को उखाड़ कर उससे निकले मलबे को डस्ट के साथ मिलाकर निर्माण कार्य में उपयोग



किया जा रहा है। जबकि निर्माण में जेएसपी (जगह-जगह स्टोन पिचिंग) का इस्तेमाल किया जाना था।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण में बोल्डर की मात्रा बहुत कम रखी गई है। इसके अलावा, बिना पानी पटाए ही रोलर चलाकर सड़क मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह सब चुनावी माहौल का फायदा उठाकर हो रहा है। उन्होंने कहा कि संवेदक नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है,और इसका सीधा असर सड़क की गुणवत्ता और स्थायित्व पर पड़ेगा। बताते चलें कि हेरहंज से लाटू फुलसु होते हुए बारियातू तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने 16 मार्च 2024 को किया था।विधायक बैद्यनाथ राम ने इस सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं करने की बात कही थी। लेकिन अब बड़े पैमाने पर धांधली की बात सामने आई है, तो यह सवाल उठ रहा है कि- क्या विधायक की बातों को गंभीरता से लिया गया ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से जांच व प्राक्कलन के अनुरुप कार्य की मांग की है। इसी कड़ी मे ग्रामीणों ने संवेदक की मनमानी एवं निर्माण कार्य मे अनियमितता के खिलाफ अवाज उठाते हुए संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व प्राक्कलन के अनुरुप सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि सरकारी धन व जनता के हितों के साथ खिलवाड़ ना हो।

## जिला स्तरीय कला उत्सव का हुआ आयोजन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार एवं शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान एवं उसके विकास एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला उत्सव का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकार लातेहार के सभागार में क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से कक्षा 9 से 12 अध्यनरत प्रखंड स्तर पर चयनित छात्राओं ने भाग लेकर अपने कल का प्रदर्शन किया। शास्त्री गायन एवं लोक संगीत एकल में प्रथम स्थान अंशु आर्या द्वितीय स्थान शिवम विश्वकर्मा तृतीय स्थान प्रीति कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा एकल वादन प्रथम स्थान अंशु आर्य द्वितीय स्थान सतीश सिंह तृतीय स्थान शिवम विश्वकर्मा लोकगीत समूह में प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय गारू द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ लोक नृत्य समूह में प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय गारु द्वितीय स्थान पीएम श्री कस्तूरबा विद्यालय मनिका तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा शास्त्री नृत्य में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से मधु कुमारी द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनिका से प्रिया कुमारी मोनो एक्ट एकल में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनिका की संगीता कुमारी समूह नाटक में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनिका तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ पारंपरिक कहानी वचन में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनिका द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा मूर्ति कला प्रथम स्थान राजकरण कुमार प्लस टू उच्च विद्यालय गारू द्वितीय स्थान सुलगने कुमारी कस्तूरबा बालिका विद्यालय मनिका तृतीय स्थान दीपशिखा मेंस कस्तूरबा बालिका विद्यालय चंदवा चित्रांकन प्रथम स्थान वैष्णवी गुप्ता ष्टरू स्कूल लातेहार द्वितीय स्थान अनिमा सुरीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदवा तृतीय स्थान प्रतिभा कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ।

# गोरहर में सड़क दुघर्टना पर एसडीओ ने एनएचएआई और अधिकारियों की बुलाई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** जीटी रोड गोरहर के पास कोलकाता से बिहार जा रही यात्री बस के पलटने से 6 लोगों की मौत पर बरही एसडीओ ने एनएचएआई और प्रशासनिक पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। दुर्घटना की सूचना पर एसडीओ जोहन टुडु और एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरकट्ठा के सीओ, बरकट्ठा गोरहर के थानाप्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे थे। एसडीओ और एसडीपीओ ने निरीक्षण के बाद प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, डीटीओ, रोड सेफ्टी मैनेजर एनएचएआई और राजश्री कंस्ट्रक्शन के साथ बैठक की। गोरहर, बरकट्ठा, बरही, चौपारण के सीओ और थानाप्रभारी ने बताया कि गोरहर से लेकर दनुआ घाटी तक जीटी रोड में दुर्घटनाएं होती हैं।



गोरहर के पास यात्री बस के दुर्घटना का कारण सड़क चौड़ीकरण के लिए खोदे गए गड्ढे को बताया गया। बरकट्ठा और गोरहर के थानाप्रभारी ने बताया कि बरकट्ठा और गोरहर के बीच हर एक दो दिन में दुर्घटना होती है। अक्टूबर से अबतक 12 से अधिक लोगों की जान चली गई।एनएचएआई और कंस्ट्रक्शन कंपनी ने तत्काल गड्ढा को भर देने की बात कही है। बरकट्ठा और गोरहर के सीओ और थानाप्रभारी ने कहा कि डायवर्सन के पहले स्पीड ब्रेकर, बैरियर और साइन बोर्ड लगाने और सोमवार बाजार के दिन दो गार्ड की नियुक्ति से दुर्घटनाओं पर रोक लग सकती है। एनएचएआई और कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बताया कि साइन बोर्ड लगाया गया है। सीओ और थानाप्रभारी की मांग पर गार्ड की नियुक्ति पर स्वीकारोक्ति दी।एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर का काम भूमि विवाद के कारण रुका हुआ है। 80 लोगों का मुआवजा बाकी है। वर्ष 2019 में 49 किमी सड़क चौड़ीकरण की संविदा दी गई थी। अगस्त 2022 तक कंस्ट्रक्शन का काम पूरा कर लेना था। लेकिन बीच के 7 किमी सड़क जमीन मुआवजा विवाद के कारण निर्माण कार्य में परेशानी हो रही है।

## गोरहर से दनुआ घाटी तक कहां कहां होती है दुर्घटना

**बरकट्ठा :** बैठक में बरकट्ठा थानाप्रभारी ने बताया कि कोसमा, कोन्हराखुर्द मस्जिद के पास, झुरझुरी के पास अधिकतर दुर्घटनाएं होती हैं।

**गोरहर :** गोरहर थानाप्रभारी ने बताया कि गोरहर थाना के सामने, लैंबुआ के पास पुल के दोनों ओर दुर्घटनाएं होती है।

**चौपारण :** चौपारण थानाप्रभारी ने बताया कि घाटी शुरू होने के पहले डिवाइडर में रेडियम पेट कराया जाए। रेडियम का संकेत डिवाइडर के पास लगाया जाए। रोड के बांई ओर लगा मेंटल बीम किसी काम का नहीं है, रिफलेटिंग नहीं लगा है। वहीं पर दुर्घटना होती है। दनुआ के पास सड़क में फाल्ट है। रोड स्लोप में बना है तकनीकी गड़बड़ी है जो दुर्घटना का कारण है। दनुआ के पास सड़क पर झाड़ी हो गया है। एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि दनुआ के पास सड़क में सुधार के लिए डीपीआर बनाकर दिल्ली भेजा गया है।

**पदमा :** पदमा थानाप्रभारी ने बताया कि थाना के सामने, इटखोरी मोड़ पर, अली नगर के पास, दाउजीनगर के पास, रोमी चौक के पहले रोड धंस गया है, जो दुर्घटना का कारण बन रहा है। इसे सुधारने की जरूरत है।

**बरही :** बरही थानाप्रभारी ने बताया कि अनुमंडल बाइपास के पास, रसोइयाधमना मोड़ और बिलौंतिया मोड़ के पास दुर्घटनाएं होती हैं। सड़क पर झाड़ी उग आने, सड़क निर्माण के कारण बने गड्ढ़ा के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। बरही चौक पर जाम भी समस्या है। डीटीओ नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर जुर्माना लगाएंगे और जब्त करेंगे तो ही इससे निजात मिलेगी।

# मुआवजा व रोजगार के आश्वासन पर 43 घंटे बाद हटा सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** टंडवा केरेडारी मुख्य सड़क के मसूरिया नदी के समीप बीते मंगलवार के शाम में हाइवा वाहन के चपेट में आने सड़क दुर्घटना में मृत उपेंद्र रजक के मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने रोजगार व मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर को लेकर शव को सड़क पर रख कर सड़क जाम कर दिया था। मंगलवार शाम से हुए सड़क जाम को 43 घंटे बाद गुरुवार के दोपहर में मृतक के परिजनों ने 6 लाख रुपए मुआवजा पत्नी बबीता देवी को रोजगार व दो बच्चियों को भरन पोषण के दस हजार रुपए मासिक भत्ता देने के सहमति पर सड़क जाम को हटा



लिया गया। सड़क जाम हटाने को लेकर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, थाना प्रभारी अजीत कुमार, पेटो पंचायत मुखिया पति गुरु दयाल साव, कांग्रेस नेता रविंद्र गुप्ता की मैराथन बैठक संबंधित क्षेत्र के कोल ट्रांसपोटरों के प्रतिनिधियों व परिजनों के साथ स्थानीय थाना परिसर में चली। जिसपर 6 लाख रुपए मुआवजा रोजगार और गुजारा भत्ता देने पर सहमति बनी। जाम के दौरान परिजन और आस के ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखे। लोग भारी वाहनों के चपेट में आने से क्षेत्र के लोगों की असमय हो रही मौत पर पूरी सिस्टम को कोश रहे थे, उपेंद्र रजक के मौत के बाद पत्नी और बच्चों के बीच उत्पन्न होने वाली समस्या पर अपनी गुस्सा जाहिर कर रहे थे साथ ही इस तरह की घटनाओं पर बड़ी आंदोलन करने की भी बात कह रहे थे। वार्ता के दौरान प्रमुख सुनीता देवी, सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी अजीत कुमार, मुखिया पति गुरु दयाल साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि मोहन गुप्ता, सदाम आलम, रितिक कुमार, सूरज कुमार, परवेज आलम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने एच आई वी पॉजिटिव बच्चों को प्रदान किया शहायता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने बुधवार को अपनी सामाजिक विकास पहल के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनहप्पा, हजारीबाग में एच आई वी पॉजिटिव बच्चों को मदद प्रदान की। इस मौके पर तज़ीन फैज़, अध्यक्षा, जागृति महिला संघ और संघ के अन्य सदस्य विद्यालय पहुंचे। जागृति महिला समिति ने विद्यालय प्रशासन को 50,000 रुपये की पहली किस्त का चेक सौंपा और बच्चों के लिए खेल सामग्री, स्कूली जूते और चप्पलें भी प्रदान की। इस अभियान के तहत, 2024-25 वित्तीय वर्ष में कुल 2 लाख रुपये की राशि विद्यालय को दी जाएगी।



मौके पर उन्होंने कहा के हमारी संस्था का उद्देश्य हमेशा समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना है। यह योगदान केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम इन बच्चों को एक स्वस्थ और मजबूत जीवन के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान कर रहे हैं। जागृति महिला संघ इस प्रयास के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, ताकि ये बच्चे अपने सपनों को पूरा कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। छात्रों को वॉटर थेरेपी पर एक सत्र भी दिया गया, ताकि उनकी इम्यूनिटी बढ़ सके। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह कार्यक्रम पकरी बरवाडीह की सीएसआर टीम और डिपार्टमेंट के द्वारा आयोजित किया गया था। बनहप्पा स्थित यह विद्यालय एक सरकारी सहायता प्राप्त आवासीय विद्यालय है, जिसमें एच आई वी पॉजिटिव बच्चे पढाई कर रहे हैं। वर्तमान में, झारखंड के 16 जिलों से लगभग 207 छात्र इस विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं।

## झारखंड में फिर से बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : साजिद



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने कहा है कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और पुन॰ हेमंत सोरेन झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री का शपथ लेकर नया इतिहास बनाएंगे। उक्त बातें साजिद अली ने प्रदेश में दूसरे एवं अंतिम चरण के चुनाव संपन्न होने के पश्चात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा । साजिद अली ने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में माईया सम्मान योजना,दो सौ यूनिट बिजली बिल माफ, किसानों कि कर्ज माफी, इत्यादि दर्जनों जनकल्याणकारी योजना पाँच वर्षों में जमीन पर उतरने का कार्य किया निश्चित तौर पर स्वागत योग्य है। आजाद भारत में ऐसा कोई पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुचाने का सफल प्रयास अपने पाँच वर्षों के कार्यकाल में किया। यही वजह है की प्रदेश की जनता ने झामुमो, कांग्रेस राजद, माले इत्यादि संपूर्ण इंडिया गठबंधन को इस विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देने का काम विधानसभा चुनाव में किया है । दूसरी ओर बीजेपी पूरे तरह से अहंकार में नजर आई एक ओर जहां देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर प्रसन्न हो रहे थे तो दूसरी ओर प्रदेश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ माहौल बनाकर वोट लेना चाहते थे निश्चित तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के आंसू और अल्पसंख्यकों का धैर्य बीजेपी को सत्ता में आने से रोकेगी।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की नासिक में मौत



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है,इसी क्रम में छोटका मांझी उम्र करीब 28 वर्ष पिता स्व0 महा मांझी ग्राम उरगी पो0 भेलवारा थाना विष्णुगढ़ निवासी जो कि मजदूरी का काम करने साकिन परसानगर नासिक ( महाराष्ट्र ) अंतर्गत गया हुआ था। जानकारी के अनुसार 18 नवम्बर 2024 को समय करीब रात 10॰00 बजे इलाज के दौरान प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। साथ मे काम करने वाले मृतक के रिश्तेदार बिशुन मांझी पिता स्व0 दुर्गा मांझी ग्राम अलकोपी पो0 चौथा थाना बिष्णुगढ़ जिला हज़ारीबाग निवासी है जिसके द्वारा मृतक के परिजनों को छोटका माँझी की मौत की सूचना दी गई।सूचना पाते हीं मृतक के घर मातम पसर गया। आज दिनाँक 21 नवम्बर 2024 को मृतक छोटका माँझी का शव करीब अहले सुबह पहुँचा शव पहुँचते ही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शव के आने के बाद स्थानीय मुक्तिधाम में दाहसंस्कार किया गया।

## शिक्षकों और कर्मियों को नहीं मिला वेतन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय संचालित शिक्षा शास्त्र विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों को अक्तूबर माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया। इससे उनलोगों में विवि प्रशासन के प्रति रोष है। जबकि शिक्षक और कर्मचारी नियमित अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इस संबंध में शिक्षा शास्त्र विभाग के शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने जब कुलपति से मिलकर इसकी जानकारी दी तो कुलपति ने तत्काल इस विषय पर संज्ञान लिया एवं इस संबंध में शिक्षाशास्त्र विभाग के निदेशक को तलब किया। निदेशक डॉ केके गुप्ता ने कुलपति को बताया कि वह बहुत दिन पहले ही संचिका को तैयार कर ससमय समर्पित कर दिए हैं। इसके बाद संचिका की खोज शुरू हुई । मालूम हुआ कि संचिका वित्त विभाग में ही पड़ी हुई है।

# दूसरे चरण के मतदान के साथ चुनाव सम्पन्न, कार्यकर्ताओं के अपने-अपने दावे





प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** कल 20 नवम्बर 2024 को झारखण्ड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद चुनाव शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इसके बाद तमाम चौक चौराहों ,होटलों तथा पान की दुकान में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत के दावे करने लगे है। मुख्यतः दो गठबंधन एवं एक दल,एनडीए,इंडिया तथा जेएलकेएम के कार्यकर्ता अपनी - अपनी जीत का दावा करते दिखे। माण्डू विधानसभा में यह बात को नकारा नही जा सकता कि मामला त्रिकोणीय हो गया ऊँट किसी भी करवट बैठ सकता है,जहाँ माण्डू विधानसभा से एक बड़े राजनीतिक घराने की राजनीतिक साख दाव पर लगी है,वहीं तीन बार से चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुके भाजपा एनडीए के उम्मीदवार पिछली बार 2019 के चुनाव में काफी नजदीक के अंतर से हारने वाले निर्मल कुमार(तिवारी महतो) के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है। इन दोनों के बीच अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करने वाले नई नवेली जयराम की राजनीतिक पार्टी जेएलकेएम को भी इस मुकाबले में खारिज नही किया जा सकता है,इसकी उपस्थिति ने एनडीए और इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी है।

# मतगणना स्थल की तैयारीयों का जायजा लेने उपायुक्त पहुंची बाजार समिति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत दोनों चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनाव समाप्ति के उपरांत मतगणना की तैयारीयों पर जिला प्रशासन जुट गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बाजार समिति मतगणना सह वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया एवं विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वज्रगृह में इवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, मतगणना कक्ष, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

# सांसद की अनूठी पहल : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 101 जोड़े का सामूहिक विवाह करायेगें सांसद मनीष जायसवाल

**- साल 2023 में 25 जोड़ें का कराए थे ऐतिहासिक विवाह, दूसरी बार हजारीबाग 101 जोड़े सामूहिक विवाह का बनेगा गवाह**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल की घोषणा की और आने वाले साल 2025 के जनवरी महीने में हजारीबाग के इतिहास में दूसरी बार उन्होंने सामूहिक विवाह कराने का सकारात्मक फैसला किया है। इस बार भाजपा के बैनर तले आयोजन होगा जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कल 101 जरूरतमंद जोड़ें का सामूहिक विवाह भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराकर उनका गृहस्थ बसाने के साथ उनके रोज़गार सृजन की भी चिंता की जाएगी। इस महत्ती आयोजन को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक अहम बैठक आयोजित किया। जिसमें इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर क्षेत्र के जरूरत जोड़े के चयन से लेकर उनके विवाह तक के कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा- परिचर्चा की गई। इस अहम बैठक में विशेष रूप से हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व मंत्री सह बरही विधायक प्रत्याशी




मनोज कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सदर बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, भाजयुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, रामगढ़ भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव सहित अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें।

**पहली बार साल 2023 में 25 जोड़े का करा चुके हैं सामूहिक विवाह**

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पहली बार साल 2023 में 25 जरूरतमंद जोड़ें का सामूहिक विवाह करा चुके हैं। उन्होंने बड़े ही भव्य तरीके से शाही शादी की तर्ज पर इनका शादी कराकर घर बसाने के तमाम जरूरी सामग्रियों के साथ उनके रोज़गार हेतु टोटो/ फिक्स डिपोजिट की भी व्यवस्था कराई थी। उनके इस मानवीय और संवेदनशील सामाजिक पहल की खूब सराहना हुई थी ।

**सौभाग्य होगा हमारा की हम बनेंगे ऐसे परोपकार के कार्यों का सूत्रधार : मनीष जायसवाल**

हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने इस बड़े आयोजन की तैयारी को लेकर कहा कि जब पहली बार हजारीबाग में 25 जोड़े का सामूहिक विवाह कराए थे तभी हमने यह ठान लिया था कि साल दर साल इस शुभ आयोजन के हम भागीदार बनेंगे। अपने इसी संकल्प के साथ समाज के जरूरतमंद बहन/ बेटियों के सम्मान के साथ उनकी विदाई करके उनके माता/ पिता और परिवारजनों के आर्थिक बोझ को कम करने का एक प्रयास किया जा रहा है। जिसे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों के सहयोग से सफलीभूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौभाग्य होगा हमारा की हम बनेंगे ऐसे परोपकार के कार्यों का सूत्रधार। सांसद श्री जायसवाल ने आयोजन को लेकर यह भी बताया कि आयोजन की तिथि, समय और स्थान का घोषणा जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा ।

## विस्थापित समिति उरीमारी ने बैठक कर प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की दी चेतावनी, कहा

# परियोजना से मशीन हटायें जाने से पूर्व प्रबंधन को लेनी होगी विस्थापित समिति की सहमति : दशई मांझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी स्थित विस्थापित कार्यालय में गुरुवार को विस्थापित समिति उरीमारी बिरसा परियोजना की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विस्थापित नेता दसई मांझी व संचालन दिनेश करमाली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा परियोजना के रोड़ सेल में प्रतिमाह 30 हजार टन कोयले का आफर देने की मांग प्रबंधन से की गई। जिससे यहां के विस्थापितों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मुहैया कराया जा सके। मौके पर विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि विस्थापित सीसीएल प्रबंधन को अपनी सारी जमीन दे चुके है। लेकिन यहां के विस्थापितों के पास रोड़ सेल के अलावा दूसरा कोई रोजगार नही है। ऐसे में रोड़ सेल में पर्याप्त कोयला नही मिला तो विस्थापितों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। वहीं उन्होंने आगे कहा कि बिरसा परियोजना में कोयले की उत्पादन के लिए पर्याप्त मशीनें नही है। और




जो भी कंपनी कि मशीनें है वह सभी पुरानी हो चुकी है। इसलिए प्रबंधन से नई मशीन देने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा है कि बिरसा परियोजना से दूसरे परियोजना में मशीन भेजने की चर्चा चल रही है।जिसका विस्थापित समिति उरीमारी पुरजोर विरोध करती है। यदि बिरसा परियोजना से कोई भी मशीन दूसरे परियोजना में भेजा गया तो समिति प्रबंधन के साथ आर पार की लड़ाई लड़ेगी। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी।किसी भी परिस्थिति में हमलोग बिरसा परियोजना की मशीन को बाहर नही जाने देंगे। वहीं दूसरी ओर दशई मांझी ने यह भी कहा कि बिरसा परियोजना का कोई भी मशीन किसी अन्य परियोजना में देने के पुर्व विस्थापित समिति से सहमति के बगैर नहीं भेजने कि मांग कि है। मौके पर कार्तिक मांझी,सुखू मांझी, सुरेश मुर्मू,खेपन मांझी,जुगल करमाली,कृष्णा सोरेन,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, बिनोद सोरेन, मनोज सिंह, परमेश्वर सोरेन, हेमलाल बेसरा, गुदल प्रजापति, संतोष प्रजापति,पूरन टुडू, सुरेंद्र करमाली, दिनेश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, टिंकू करमाली,गुली प्रजापति आदि मौजूद थे।

## विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान संपन्न होने के उपरांत बज्रगृह में जमा हुये ईवीएम


प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 नवंबर को 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के उपरांत रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए बज्रगृह में पोलिंग पार्टियों के द्वारा ईवीएम जमा किए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो विभिन्न कोषांगों के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित



अन्य उपस्थित थे। साथ ही रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में पोलिंग पार्टियों के लिए विभिन्न सुविधाएं यथा मेडिकल टीम, हेल्प डेस्क सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रही। ईवीएम जमा करने का कार्य पूर्ण होने के उपरांत बज्रगृह को सील किया गया। गौरतलब होकि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ में हुए मतदान को लेकर मतगणना 23 दिसंबर 2024 को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए मतगणना केंद्र में प्रातः 8ः00 बजे से शुरू होगी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 20 टेबलों पर 20 राउंड एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 टेबलों पर 23 राउंड मतगणना होगी। मतगणना के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## तख्त श्री पटना साहिब के लिये रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से संगत रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से सैकड़ो सिख संगत तख्त श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुए। रामगढ़ के बरकाकाना स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से सिख संगत रवाना हुए हैं। रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा नहीं बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से रामगढ़ के लगभग सैकड़ो संगत को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना ले जाया जा रहा है। बता दे कि यह कमेटी अपने 3 साल के कार्यकाल में संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा चुकी है। यह पांचवा तख्त है श्री हरमंदिर साहब दर्शन रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी करवा रही है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अपने 3 साल के कार्यकाल में यह कमेटी रामगढ़ के सिख संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा रही है। साथ ही यह कमेटी करतारपुर साहिब के भी दर्शन करवा चुकी है।तख्त श्री हरमिंदर साहिब पटना जाने वाले गुरजीत सिंह सलूजा इंद्रपाल सिंह छाबड़ा ऋषि सोनी बनी गांधी विक्रम कोहली चरणजीत कौर यश छाबड़ा जिगर छाबड़ा कशिश छाबड़ा शाहिद बड़ी संख्या में सिख संगत रवाना हुए।

## राधा गोविन्द कॉलेज, रामगढ़ में डी-ब्रीफिंग एवं बड़ा खाना का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण 22-बड़कागॉव एवं द्वितीय चरण 23-रामगढ़ के मतदान स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को राधा गोविन्द कॉलेज, रामगढ़ में डी-ब्रीफिंग एवं बड़ा खाना का आयोजन किया गया, जिसमें टी0वी0 सुभाष, (भा0प्र0 से0) सामान्य पर्यवेक्षक, देबव्रत दास, (भा0पु0 से0) पुलिस पर्यवेक्षक, चन्दन कुमार, (भा0प्र0 से0) उपायुक्त, रामगढ़ एवं अजय कुमार, (भा0पु0 से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा बाहर से आये सी0ए0पी0एफ0, सैप, आई0आर0बी0, जिला बल एवं गृहरक्षक के पदाधिकारी/कर्मियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए बधाई दिया गया तथा पुलिस




अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक, उपायुक्त, रामगढ़, उप-विकाश आयुक्त, रामगढ़, द्वितीय कमान अधिकारी, सी0ए0 पी0एफ, रिटर्निंग ऑफिसर 22-बड़कागाँव एवं रिटर्निंग ऑफिसर 23-रामगढ़ को पुष्प गुच्छ देकर समानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप-विकाश आयुक्त, रामगढ़, अपर समाहर्ता, रामगढ़, उप-निर्वाचन पदाधिकारी, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़, पंचायती राज पदाधिकारी, रामगढ़, सी0ए0पी0एफ0 द्वितीय कमान अधिकारी, सहायक समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की समस्या समाधान के लिये शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट का झारखंड और बिहार सब एरिया आउटरीच के तहत भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 11 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक पॉलीक्लिनिक रांची, देवघर, मुंगेर, भागलपुर और खगड़िया जिलों में एक आउटरीच कार्यक्रम चलाया गया। इस आउटरीच कार्यक्रम में झारखंड व बिहार के इन पांच जिलों के भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इसमें पेंशन संबंधित तथा अभिलेख कार्यालय की विसंगतियों को दूर किया गया । समाधान दल ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिया । इस शिविर में आए भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का आभार इस समाधान दल ने जताया।

## किसके सिर बंधेगा सेहरा, फैसला 23 को,रामगढ़ विधानसभा में त्रिकोणीय रहा मुकाबला,528 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद







प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का चुनाव संपन्न हो गया । अब किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा, इसका फैसला 23 नवंबर को सामने आएगा। दूसरे चरण के 38 सीटों पर चुनाव लड़ रहे 528 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो गई। इससे पहले फर्स्ट फेज के लिए 13 नवंबर को 43 सीटों पर हुए चुनाव में कुल 683 उम्मीदवारों की कस्मत भी इवीएम में बंद हो चुकी है. दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे 528 उम्मीदवार में 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं. एक जेंडर उम्मीदर भी चुनावी अखाड़े में है. राष्ट्रीय दल से 73 प्रत्याशी हैं, जिनमें 60 पुरुष और 13 महिलाएं हैं. मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों के 28 उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं. इसमें 23 पुरुष और पांच महिला उम्मीदवार शामिल हैं. निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 257 है।

**इन सीटों पर हुआ चुनाव**

20 नवंबर को राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोड़ैयाहाट, गोड्डा, महागामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी में चुनाव संपन्न हुआ।

**रामगढ़ में त्रिकोणीय मुकाबला रहा**

बात करें रामगढ़ की तो यहां पर त्रिकोणी मुकाबला हुआ है रामगढ़ विधानसभा में कुल 72 पर्सेंट मतदान हुआ है मुख्य मुकाबला आजसू कांग्रेस और नई पार्टी जेएलकेएम के बीच यह चुनाव संपन्न हुआ है जैसा कि लोगों का कहना है कि अधिक वोटिंग के कारण जेएलकेएम पार्टी को भी अच्छा खासा वोट मिला है तीनो पार्टी के मुकाबले में कौन जीतता है यह 23 तारीख को सभी की पता चल जाएगा लोगों में चर्चा है कि गांव क्षेत्रों में जेएलकेएम को काफी अधिक वोट मिला है । अब 23 तारीख को पता चलेगा कि रामगढ़ विधानसभा से कौन पार्टी विजाई होती है यह अभी अनुमान लगाना पूरी तरह से सही नहीं होगा यह 23 तारीख को ही मतगणना के बात पता चलेगा।

## समाजसेवी कमल बगडिया ने शांतिपूर्ण मतदान एवं अच्छे प्रतिशत में वोटिंग के लिये जिला प्रशासन का किया धन्यवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधानसभा चुनाव 2024 के दूतीय चरण में 20 नवंबर को रामगढ में शांतिपूर्ण मतदान एवं अच्छे प्रतिशत में वोटिंग के लिए समाजसेवी कमल बगड़िया ने रामगढ उपयुक्त , रामगढ जिला प्रशासन तथा रामगढ़ की जनता को धन्यवाद दिया है। प्रशासन की चुस्त एवं दुरुस्त व्यवस्था प्रजातंत्र के इस महान पर्व में शांतिपूर्ण मतदान करवा कर, रामगढ़ की जनता के सहयोग से उपलब्धि हासिल की है। पूरी रामगढ़ की जनता आभार व्यक्त करती है।



## रामगढ़ जिला के कुज्जू ओपी क्षेत्र अंतर्गत डटमा मोड़ मुर्गी फार्म के पास बंद घर में चोरों ने किया हाथ साफ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** रामगढ़ जिला के कुज्जू ओपी क्षेत्र अंतर्गत डटमा मोड़ मुर्गी फार्म के पास बंद घर में चोरों ने ताला तोड़ कर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। इस संबंध में कुज्जू पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद कुजू पुलिस मामले की कर रही है। साथ ही सीसीटीवी को खंगाल रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि राजेश प्रसाद अपनी बेटी की शादी के लिए पूरे परिवार के साथ बेंगलुरु गया हुआ था। घर में कोई नहीं था । जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। सुबह में जब मोहल्ले के लोगों ने गेट खुला हुआ देखा और घर के बाहर टूटा हुआ ताला देखने के बाद सभी को सूचना दिया। घर में झांकने पर पता चला कि घर में सारा सामान बिखरा हुआ है। जिसकी सूचना लोगों ने गृह स्वामी राजेश प्रसाद और कुजू



पुलिस को दी। सूचना के बाद कुजू पुलिस एएसआई मनीष कुमार पहुंच कर आस पास लगी सीसीटीवी को खंगालते हुए जांच में जुट गई। वही अब तक चोरी की संपति का आकलन नहीं किया जा सका। आबादी के बीच इस प्रकार की लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के लोग भय के साये में जी रहे हैं साथ ही पुलिस के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

## भुरकुंडा पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ सदर अस्पताल के सौजन्य से गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र सहायक निर्मल कुमार ने 80 लोगो के आंखो की जांच की। जांच के दौरान आठ लोगों में मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। बताया गया कि मोतियाबिंद के मरीजों को रामगढ़ सदर अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। शिविर में दर्जनों मरीजों के आंखो की जांच कर निःशुल्क चश्मा भी दिया गया। शिविर को सफल बनाने मे जिला अंधापन नियंत्रण समिति के जिला परियोजना प्रबंधक अभयजीत कुमार, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय कुमार, पंसस दीपक कुमार भुइयां, उप मुखिया संजीत राम, रूपा देवी, पम्मी देवी, कवित्री देवी, सीमा देवी, विक्रम कुमार, सहिया साथी रेखा देवी का सराहनीय योगदान दिया।

# पाकुड़ में कांग्रेस लगायेगी हैट्रिक, सपा की चलेगी साइकिल या आजसू मारेगा बाजी, सभी कर रहे हैं जीत का दावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**







**पाकुड़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान बुधवार को संपन्न हो गया। आगामी 23 नवंबर को मतगणना होगी। जिले में सभी तीनों विधानसभा में जमकर वोट पड़े। पाकुड़ विधानसभा, लिट्टीपाड़ा विधानसभा और महेशपुर विधानसभा तीनों सीट पर पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार ज्यादा वोट पड़े। पिछले लोकसभा चुनाव और साल 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है। यूं कहे कि मत प्रतिशत के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए। वहीं मतगणना के महज एक ही दिन बचे हैं और जीत-हार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। किसकी जीत और किसकी हार होगी, परिणाम सामने आ ही जाएगा। इस बीच मतदान संपन्न होते ही प्रत्याशियों की जीत हार की जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। प्रत्याशियों के साथ-साथ कार्यकर्ता और आम लोगों में जीत हार की चर्चा तेज हो गई है। शहर और ग्रामीण इलाकों में मतदान की शाम से ही प्रत्याशियों के जीत-हार की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। हाट बाजार, चाय-नाश्ता दुकानों और चौक-चौराहों पर हर जगह लोग आपस में जीत-हार की गणित में उलझे हुए हैं। लोग मुख्य दलों या प्रत्याशियों के जीत-हार की चर्चा करते नजर आ रहे हैं, जिन्होंने पूरे चुनाव में एक-दूसरे को जबरदस्त टक्कर दी। जिनके बीच सीधे मुकाबले थे, उन्हीं प्रत्याशियों की जीत-हार को लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं। पाकुड़ विधानसभा सीट की बात करें तो यहां शुरू से ही तीन प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इनमें कांग्रेस की निसात आलम, समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर और आजसू के अजहर इस्लाम शामिल हैं। इन तीनों प्रत्याशियों को लेकर लोगों में यह जबरदस्त चर्चा छिड़ी हुई है कि क्या कांग्रेस हैट्रिक लगा रही है या समाजवादी पार्टी की साइकिल चल गई या फिर आजसू का खाता खुलने जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की धर्मपत्नी है। आलमगीर आलम कांग्रेस पार्टी के सिटिंग एमएलए रहे। उनके जेल में होने की वजह से पार्टी ने उनकी धर्मपत्नी निसात आलम पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया। निसात आलम को लेकर शुरुआत में सहानुभूति वोट मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन सहानुभूति वोट की जगह बाद में मंईयां सम्मान योजना चर्चा में आ गया और कांग्रेस को उम्मीद है कि मंईयां सम्मान योजना का भरपूर फायदा कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को मिलने जा रही है। कांग्रेसियों में जीत की खुशी मतगणना से पहले ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को कार्यकर्ताओं की भीड़ देखी गई और वे निसात आलम की जीत को लेकर काफी आश्वस्त दिखे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का दावा है कि पाकुड़ सीट से कांग्रेस हैट्रिक लगाने जा रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस से आलमगीर आलम ने साल 2014 और 2019 में लगातार जीत दर्ज कराई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में आलमगीर आलम ने बड़े अंतर से जीत दर्ज किया था। इस अंतर को मात देना विरोधियों के लिए आसान नहीं होगा। पिछली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा का समर्थन था और इस बार भी है। इसका भी कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है, ऐसा लोगों में चर्चा है। इधर समाजवादी पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे पूर्व विधायक अकिल अख्तर और उनके कार्यकर्ता भी अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। अकिल अख्तर अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। वहीं उनके कार्यकर्ताओं में उत्साह और भरपूर जोश दिखाई दे रहा है। अकिल अख्तर को लेकर लोगों में चर्चा है कि उनका अपना एक बड़ा वोट बैंक मौजूद हैं। दूसरी ओर हर समाज का उन्हें समर्थन मिल रहा है। इधर आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम और उनके समर्थक भी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं। अजहर इस्लाम युवा नेता हैं और पहली बार चुनाव मैदान में है। पाकुड़ विधानसभा सीट आजसू को गठबंधन के खाते में मिला है और भारतीय जनता पार्टी का समर्थन है। अजहर इस्लाम की जीत को लेकर चर्चा है कि पाकुड़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का एक बड़ा वोट बैंक मौजूद हैं। जिसका भरपूर फायदा अजहर इस्लाम को मिलने जा रहा है। अगर अजहर इस्लाम को अपने बल पर उम्मीद के मुताबिक वोट मिले तो यहां से आजसू की जीत पक्की है। इन्हीं चर्चाओं के बीच राजनीतिक पंडित भी प्रत्याशियों की जीत-हार की गणित में उलझे हुए हैं। लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट की बात करें तो यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमलाल मुर्मू और भारतीय जनता पार्टी के बाबूधन मुर्मू के बीच सीधा मुकाबला है। इस सीट पर दोनों प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत पक्की बता रहे हैं। महेशपुर विधानसभा सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प बताया जा रहा है। यहां भी झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा टक्कर होने की उम्मीद जताई जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी स्टीफन मरांडी और भारतीय जनता पार्टी के नवनीत एंथोनी हेंब्रम चुनाव मैदान में है। दोनों पार्टी के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त और उत्साहित नजर आ रहे हैं। बहरहाल ईवीएम में प्रत्याशियों के किस्मत बंद हो गए हैं और 23 नवंबर को ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# मतदान संपन्न कराकर लौटे कर्मियों का किया गया स्वागत, स्ट्रांग रूम में जमा हो गये ईवीएम मशीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पाकुड़ :** पाकुड़ में 20 नवंबर को मतदान संपन्न होने के बाद बाजार समिति स्थित रिसीविंग सेंटर में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र से पोलिंग पार्टी मतदान करने के बाद सीधे स्ट्रांग रूम पहुंचे और अपना अपना ईवीएम मशीन जमा कर दिया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार भी मौजूद थे। दोनों पदाधिकारी ने रिसीविंग सेंटर में पोलिंग पार्टी में शामिल पदाधिकारी और कर्मियों का स्वागत किया। मतदान कराकर लौटे मतदान कर्मियों का उपयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने हौंसला भी बढ़ाया। मतदान कर्मियों को गुलाब फूल देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मतदान कर्मियों में उत्साह देखा गया। मतदान कर्मियों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। मतदान कर्मियों ने प्रशासन का आभार भी प्रकट किया। पहली बार मतदान करने गए कर्मियों में गजब का उत्साह दिखा। मतदान कर्मियों ने कहा कि पोलिंग बूथ पर प्रशासन के द्वारा बहुत ही बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। किसी भी तरह की कोई भी परेशानी या समस्या का सामना हमें नहीं करना पड़ा। महिला मतदान कर्मियों ने कहा कि इस बार की व्यवस्था काफी अच्छी थी। किसी भी चीज की कमी नजर नहीं आई। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों का आभार प्रकट करते हैं। कहा कि ऐसा समुचित व्यवस्था पहले कभी नहीं देखा गया। पहली बार मतदान करने गए मतदान कर्मियों ने कहा कि हमारा अनुभव काफी अच्छा रहा। पहले तो हमें थोड़ी असहज महसूस हो रही थी। लेकिन जैसे ही पोलिंग बूथ पर पहुंचे, तो वहां की व्यवस्था को देखकर हम काफी खुश हुए। निश्चित रूप से हमें हौसला भी मिला। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीपीआरओ के साथ मतदान कर्मियों ने सेल्फी भी लिया। जिससे मतदान कर्मियों को उत्साहित होते देखा गया। विधानसभा निर्वाचन में पर्दानशीन एवं महिला बूथ पर भेजी गई पहली बार मतदान करने गई महिला कर्मियों में काफी ज्यादा उत्साह देखा गया। ईवीएम मशीन जमा करने के बाद काफी उत्साहित देखी गई। प्रशासन की तरफ से की गई व्यवस्था से प्रसन्नता भी जाहिर की।

## वोटिंग संपन्न, अब राज्य में किसकी होगी सरकार, सबों की नजरें काउंटिंग पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** राज्य में लोकतंत्र का महापर्व विधान सभा आम चुनाव -2024 का समापन 20 नवंबर को हो गया। मतदाताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट पर 73.50 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस सीट पर दो प्रमुख राजनीतिक दल एनडीए से भाजपा समर्थित उम्मीदवार बाबूधन मूर्मू और इंडिया अलायंस से झामुमो समर्थित उम्मीदवार हेमलाल मूर्मू चुनावी मैदान में हैं। चुनाव संपन्न हो गया। उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में कैद हैं। अब आमोखास सबों की नजर 23 नवंबर पर है। चूंकि इस तिथि को ही वोट की गिनती होनी है और जीतनेवाले प्रत्याशी के नाम की घोषणा होनी है। जनादेश क्या होगा ? बीजेपी की जीत होगी या झामुमो की ? सरकार किसकी बनेगी ? इंडिया गठबंधन अथवा झामुमो की या एनडीए अथवा भाजपा की? 81 विधानसभा सीट वाले इस राज्य में किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगीं ? बहुमत में कौन होगा ? आदि तमाम बिंदुओं पर प्रबुद्ध मतदाता चर्चा कर रहे हैं। बहरहाल सोसल मीडिया अथवा राजनीतिक चर्चा से जो निचोड़ छन कर आ रहे हैं उससे तो यह पता चल रहा है कि राज्य में इस वार झामुमो और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट पर भी इन दो प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच जबर्दस्त टक्कर की बात कही जा रही है। कौन जीतेगा या किसकी हार होगी , कहना मुश्किल है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट की खासियत यह रही है कि यह सीट पिछले 44 वर्षों से झामुमो के कब्जे में ही रहा है।

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा—गुमला मार्ग पर ग्राम—चंदाली के पास से 30 बोरा लकड़ी कोयला सहित एक पीकअप सं0—JH01N7805 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:—वन है,तो जीवन है—:

PR 340242 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर टाटीटोली, बांसडीह, गुमला रोड के पास से 18 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं0—JH01CK5693 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 340241 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर कॉलेज रोड पर सिसई कॉलेज मोड़ के पास से 06 पीस पाकर बोटा, 03 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0— अज्ञात को जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.340237 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

न्यायालय : अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा- 163 के अन्तर्गत

निषेधाज्ञा आदेश

विधान सभा आम चुनाव— 2024 अंतर्गत 22— बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23— रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना कार्य दिनांक 23.11.2024 को प्रातः 08.00 बजे से रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ स्थित मतगणना हॉल में निर्धारित है। उक्त अवधि में भारी संख्या में भीड़ जमा होने से विधि व्यवस्था/शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

अतः उपर्युक्त पृष्ठ भूमि के आलोक में शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष नियमानुसार सुव्यवस्थित ढ़ंग से मतगणना कराने एवं लोक शांति तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु **मैं अनुराग कुमार तिवारी, झा0प्र0से0, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़ दिनांक 23.11.2024 के प्रातः 05.00 बजे से मतगणना अवधि एवं मतगणना समाप्ति तक धारा 163 बी.एन.एस.एस.** के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ (मतगणना परिसर—सह—बज्र गृह) के 200 मीटर की परिधि (कॉलेज भवन के सामने, पीछे खाली मैदान एवं रामगढ़ कॉलेज के मुख्य द्वार से मतगणना परिसर जाने वाले पी.सी.सी. पथ के बायें ओर का सम्पूर्ण क्षेत्र) में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी करता हूँ।

1. पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का मतगणना केन्द्र के 200 मीटर की परिधि पर रहना वर्जित रहेगा। (प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/सरकारी कर्मचारी/पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल/चुनाव कार्य में लगे कर्मियों एवं मतगणना कर्मियों को छोड़कर)।
2. उक्त अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग वर्जित रहेगा। (मतगणना कार्य में उपयोग को छोड़कर)।
3. उक्त अवधि में किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, नारेबाजी, सभा जुलूस, रैली, रंग, अबीर, गुलाल खेलना इत्यादि कॉलेज परिसर में वर्जित रहेगा।
4. उक्त अवधि में अग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र—शस्त्र (लाठी, तलवार, भाला, गण्डासा, गुप्ती इत्यादि) लेकर चलना वर्जित रहेगा। (यह आदेश होम गार्ड, पुलिस बल, सुरक्षा कर्मियों में लगे अर्ध सैनिक बल, सेना तथा सिक्खों द्वारा धारण किये जाने वाले कृपाण पर लागू नहीं होगा)
5. किसी भी प्रकार के शस्त्र के साथ मतगणना परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा। (चुनाव कार्यो में लगे पुलिस बल को छोड़कर)।
6. मतगणना परिसर के अंदर मोबाईल, कैमरा सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश करना वर्जित रहेगा।
7. मतगणना परिसर के अंदर खैनी, गुटखा, सिगरेट, माचिस आदि लेकर प्रवेश करना वर्जित रहेगा।
8. जन सामान्य या समुदाय विशेष को उकसाने अथवा भ्रम पैदा कर दिगभ्रमित करने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंध रहेगा।
9. उक्त क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का आतिशबाजी करना वर्जित रहेगा।
10. मतगणना केन्द्र में प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी द्वारा प्रत्येक व्यक्तियों का Frisking किया जाना अति आवश्यक होगा।
11. गणन अभिकर्ता/मतगणना कार्य में लगे कर्मी/गणन सहायक/गणन पर्यवेक्षक एवं अन्य मतगणना कार्य में लगे कर्मी अपने निर्गत पहचान पत्र को दिखाकर ही मतगणना परिसर में प्रवेश कर सकेंगे।
12. मतगणना परिसर में दो पहिया/चार पहिया वाहनों एवं अन्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। (मतगणना कार्य के लिए पास निर्गत किये गये वाहनों को छोड़कर)

उपरोक्त आदेश का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 21.11.2024 को जारी किया गया। ह०/—

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
रामगढ़

PR 340232 District (24-25)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 44 /2024-25 Date:-20-11-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Counting Hall and ETPBS Hall Brick wall Partition Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Vidhan Sabha Election-2024 at Hazaribag for the year 2024-25 | 2261250/- | 46000/- | 5000/- | 10Day |
| 2 | Construction of Strong Room and Barricading Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Vidhan Sabha Election - 2024 at Hazaribag for the year 2024-25 | 2390900/- | 48000/- | 5000/- | 10Day |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 23-11-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 28-11-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 340224 Building (24-25)_D

झारखंड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति
"निविदा रद्द सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.-337552 Jharkhand Public Service Commission (24-25):D द्वारा आयोग कार्यालय हेतु भाड़े पर वाहन लिये जाने संबंधी निविदा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था, जिसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा शीघ्र प्रकाशित की जायेगी। ह0/—

अवर सचिव
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।

PR.NO.340239 Jharkhand Public Service Commission(24-25):D

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के अंदर विधिक जागरूकता को लेकर अलख जगाना : राजेश कुमार

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधान से समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत मुरकी तोडार पंचायत भवन में 21/11/2024 को नालसा, नई दिल्ली और राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार और झालसा, रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के अंदर विधिक जागरूकता को लेकर अलख जगाना है। जिससे लोगों की विधिक संबंधी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि एक जागरूक समाज के रहने के नाते हमारा दायित्व है कि हम सभी लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसे कुप्रथा के कारण आज समाज पीछे चला जा रहा है। लोगों को इस कुप्रथा के प्रति जागरूक होकर इसका विरोध करना चाहिए। वहीं उन्होंने बाल यौन अपराध के बारे बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम अपने परिवार या आस पास के लोग के द्वारा ही की जाती है। इसलिए मामले को लेकर लोग सतर्क रहें। साथ ही इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों का विरोध करें। वहीं उन्होंने टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हर प्रकार की जानकारी तुरंत प्राप्त की जा सकती है। वहीं उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी। वहीं मध्यस्थ सह अधिवक्ता श्री लाल धर्मेंद्र देव ने डालसा द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थानों, सभी प्रखण्ड कार्यालयों, सदर अस्पताल, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, सखी वन स्टॉप सेंटर में पीएलवी की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा लोगों को विधिक जानकारी दी जाती है। साथ ही उनके द्वारा लोगों की मदद भी की जाती है। वहीं मध्यस्त सह अधिवक्ता मोमिना खातून ने डायन बिसाही, शिक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, सरकार द्वारा बच्चियों के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दहेज लेना और देना दोनों अपराध है। वहीं दहेज को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। कहा कि डायन बिसाही मामले पर सख्त कानून बनाए गए हैं। जिसमें सजा का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बाल विवाह को लेकर कहा कि सरकार के द्वारा शादी को लेकर एक उम्र सीमा तय की गई है। इस उम्र सीमा से कम उम्र में शादी कराना कानून अपराध है। लेकिन अभी भी कुछ लोग बच्चियों को उचित शिक्षा प्रदान करने के स्थान पर उनकी कम उम्र में ही शादी करने के लिए लगे रहते हैं। लोगों को इन सभी विषयों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर मुखिया कमला देवी, पंचायत सचिव गुहा उरांव, पीएलवी पुनू देवी, मंजू खाखा, प्रियांशु यादव, रोहित कुमार, हेमंता कुमारी, अरविंद कुमार सिंह, अजमेरी खातून, सहेला खातून, प्रीति कुमारी, सुनीता कच्छप, खुर्शीद खातून, सबनम खातून, राजमनी कुजूर, स्वर्ण मनी भगत, आरती देवी, अमृता उरांव, रिंकू देवी, जानकी देवी, प्रतिमा कुजूर, ममता देवी,जूही खातून, पार्वती देवी, सोनाली उरांव, सोतो उरांव, निखत परवीन, नूरजहां खातून आदि लोग उपस्थित थे।

## कोलेबिरा में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत छात्रों को किया गया स्वेटर का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा में आज मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सिद्धि विनायक एकेडमी के छात्रों को स्वेटर वितरित किए गए। यह कार्यक्रम छात्रों को शीतकालीन मौसम में गर्म कपड़े प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने छात्रों को स्वेटर वितरित किए और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने भी इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्राप्त होने वाली सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं को भी पूरा करना है। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत छात्रों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वितरण के दौरान सेंटर हेड प्रभु कश्यप, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी0डी0ओ0 ट्रेनर सबना प्रवीण, विश्वजीत सोनी, एस0ई0टी0 ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उरांव, मोबिलाइजर योगेश कुमार गुप्ता, सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे।

विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

## एसडीओ ने ऊर्जा मित्रों को दिया कई दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत जोरी पावर हाउस में गुरुवार को बिजली विभाग एसडीओ हरिमोहन चौधरी के अध्यक्षता में ऊर्जा मित्रों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस दौरान एसडीओ ने सर्वप्रथम ऊर्जा मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर से लेकर गांवों तक समय से सही से बिजली बिल उपलब्ध कराएं, इसके पश्चात उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा करवाएं। वही उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि मीटर अवश्य लगवाएं ,तत्पश्चात ऊर्जा मित्रों को विद्युत संबंधित कार्य को समय से करने का निर्देश दिया। मौके पर बैठक में जेई प्रेम दास, सुपरवाइजर पिंटू कुमार, ऊर्जा मित्र एमडी जाहिद, महफूज अंसारी, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव, पंकज पासवान, प्रगुण कुमार, पवन मिस्त्री राजू मिस्त्री, आदि हंटरगंज, कुंदा, प्रतापपुर, तीनों प्रखण्ड के दर्जनों ऊर्जा मित्र और विद्युत विभाग कर्मी मौजूद थे।

## साइबर अपराधियों ने की युवक से एक लाख रुपए की ठगी

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीठा गांव की है जहां एक युवक से साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपए की ठगी की घटना की अंजाम दिया है। लोहरदगा जिले के भंडरा थाना अंतर्गत भीठा गांव निवासी सरजू साहू के पुत्र ओमप्रकाश साहू ने साइबर अपराधियों द्वारा एक लाख रुपए की ठगी करने की शिकायत पुलिस की है। इसे लेकर पुलिस को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि साइबर अपराधियों द्वारा 18 नवंबर को फोन कर ढाई माह पहले बेटी के जन्म होने के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राशि भेजने की बात कही गई। इसके बाद वीडियो काल कर साइबर अपराधियों ने एक लिंक भेजकर उसे ओपन कर पासवर्ड डालने की बात कही। पासवर्ड डालते ही मोबाइल में बने फोन पे को साइबर अपराधियों ने अपने कंट्रोल में लेकर एक लाख रुपए की ठगी कर ली। जिसके बाद से युवक काफी परेशान है।राज्य भर इन दिनों कई साइबर अपराधियों ने लोगों को अपना निशाना बनाया है।

## डी.ए.वी. लीलावचन पब्लिक स्कूल में बच्चों के विकास पर विशेष अभिभावक गोष्टी का आयोजन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल प्रखंड के लातदग स्थित डी.ए.वी. लीलावचन पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा की अध्यक्षता मैं अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक मैं विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं नामांकन में आ रही त्रुटियों पर चर्चा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति ने इसे महत्वपूर्ण बना दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के निदेशक ने अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बच्चों के चहुंमुखी विकास में आपका योगदान अतुलनीय है। अभिभावक अपनी ज़िम्मेदारी को समझते हुए, बच्चों की शिक्षा और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मेरा आपसे करबद्ध निवेदन है कि आप समय-समय पर आयोजित होने वाली शिक्षक-अभिभावक बैठकों में भाग लें। आपका यह कदम बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहायक होगा। निदेशक ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बैठकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं, ताकि बच्चों की शिक्षा और अन्य समस्याओं पर खुलकर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा, आपका आगमन हमें प्रेरित करता है और आपके सुझाव हमें व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। इसलिए, विद्यालय और बच्चों के भविष्य के लिए आपका सक्रिय सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने भी अपनी बात रखी और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में कोषाध्यक्ष पारसनाथ विश्वकर्मा, शिक्षक रिजवान अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, नागेंद्र ठाकुर, सूफिया नाहिद, और अमिता कुमारी समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## टेंपो दुर्घटना में चालक की मौत, अवैध ब्रेकर बना हादसे की वजह



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी 32 वर्षीय सुनील विश्वकर्मा की टेंपो पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार रात वह मेराल से अपने गांव लौट रहे थे, जब बाना हाई स्कूल के सामने सड़क पर बनाए गए अस्थायी ब्रेकर के कारण उनका टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में सुनील टेंपो के नीचे दब गये, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनील बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने एक साल पहले जमीन बेचकर टेंपो खरीदा था, जिससे परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनके निधन से पत्नी कविता देवी, 11 वर्षीय बेटी रागिनी, 9 वर्षीय बेटी ज्योति, और 6 वर्षीय बेटे सत्यम का सहारा छिन गया है। सुनील का परिवार मिट्टी के खपरैल घर में रहता था और उनकी आकस्मिक मौत से परिवार पर गहरा संकट आ गया है। अस्थायी ब्रेकर बना हादसे की वजह : बाना गांव के निवासियों का कहना है कि बाना हाई स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर बिजली के पोल और मिट्टी से बनाए गए ब्रेकर के कारण यह दुर्घटना हुई। ग्रामीणों का मानना है कि अगर यह ब्रेकर न बनाया गया होता, तो यह हादसा टल सकता था। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना के प्रधानाध्यापक आसिफ शेख ने बताया कि 6 नवंबर को स्कूल की एक छात्रा, चांदनी कुमारी, एक बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद, ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्होंने सड़क पर ब्रेकर बनाये जाने की मांग को लेकर मेराल थाना और अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया था। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने बिजली का पोल और मिट्टी डालकर अस्थायी ब्रेकर बनवाया।मेराल पुलिस ने गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## बाजारों में सब्जियों के बढ़े दामों ने बिगाड़ा रसोई का जायका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में इन दिनों सब्जियों के बढ़ते दामों के कारण रसोई महंगाई की मार झेल रहा है। टमाटर, प्याज और हरी सब्जियों के दाम एकाएक बढ़ने से लोग बाजारों में बहुत कम दिखाई दे रहे हैं। बरसाती मौसम के बाद गर्मी और उमस के बीच अब सब्जियों के दाम बढ़ते जा रहे हैं टमाटर,प्याज और हरी सब्जियों के दाम आम आदमियों की पकड़ से बाहर होते जा रहे हैं तीखी हरी मिर्च जो कभी सब्जी के साथ मुफ्त में मिलती थी, वह 100 रुपए प्रति किलो से भी पार हो गई है कुल मिलाकर गृहणी का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है।जिसे रसोई पर पड़ रही महंगाई की मार से लोग परेशान है।सब्जियों के बढ़े हुए रेट ने रसोई का जायका बिगाड़ दिया है टमाटर, प्याज, आलू, लहसुन व हरी मिर्च जैसी सब्जियां भी 80 से 100 रुपये प्रति किलो बिक रही है रसोई पर पड़ रही महंगाई की मार ने आम आदमी का बजट पूरी तरह से बिगाड़ गया है। बाजार में सब्जी खरीद कर आई महिलाएं सब्जी के बढ़े हुए दामों से परेशान नजर आ रही है।वही महिलाओ का मानना है की 500 रुपये में भी बहुत कम सब्जी आ रही।वही लोगों का कहना हैं कि एक समय था जब 200 रुपये में कई सब्जियां आ जाती थी।लेकिन अब 500 रुपये कहां जाते हैं, वो भी पता नहीं चलता सब्जियों के दामों में इतनी तेजी को लेकर बाजारों में पूरी तरह रौनक समाप्त हो गई है।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** हाईकोर्ट के निर्देश के तहत मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) संजय कुमार के आदेशानुसार, सभी थाना प्रभारियों और अंचलाधिकारियों को डीजे मालिकों के साथ बैठक कर इस निर्देश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार को मझिआंव थाना परिसर में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के डीजे मालिकों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार अब डीजे बजाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने डीजे मालिकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई डीजे बजाते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अनुमंडल पदाधिकारी ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे डीजे बजाने के किसी भी प्रयास को रोकें।बैठक में क्षेत्र के प्रमुख डीजे मालिक, जिनमें विकास मालाकार, गुप्तेश्वर माली, अभिमन्यु सिंह, सुरेंद्र शर्मा, सूर्यमणि सिंह, सुचित कुमार पासवान, शेख नाजीर, रंजीत कुमार, नवाज खान, नसीम अंसारी, सिद्धांत कुमार कुशवाहा, जियाउल हक्क खां, श्रवण राम, राम सुंदर बैठा और हमाद अहमद शामिल थे, उपस्थित रहे।हाईकोर्ट के इस निर्देश का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है। थाना प्रभारी ने सभी डीजे मालिकों से सहयोग की अपील की और नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई होगी।यह प्रतिबंध क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। डीजे मालिकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और नियमों का पालन करें।

## झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम आने में अब कुछ ही घण्टे शेष, अपने-अपने दल के प्रत्याशी को जिताने के जोड़-घटाव में जुटे कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम आने में अब से कुछ ही घण्टे शेष रह गए हैं। ऐसे में गली चौक-चौराहो पर एवं एक्जिट पोल के आधार पर चर्चा आम हो रही है कि राज्य में एनडीए की सरकार बनता दिखाई दे रहा है। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी का कहना है कि, दिशुम गुरु शिबु सोरेन के निर्देश पर हेमंत सोरेन सरकार ने अनेको लोककल्याणकारी योजनाएँ चलाई जिसका सीधा असर इस बार 2024 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच देखने को मिला, इस बार भी पुनः2024 में हेमन्त सोरेन की सरकार बनना तय है,हेमंत दादा के सरकार बनते ही सभी माताओं के खाते में 2500/- रुपए महीने आने सुरु हो जायेंगे। वही भाजपा निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू,व कैरो प्रखंड भाजपा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रजापति ने कहा कि एक्जिट पोल ने स्पष्ट कर दिया कि भाजपा आजसू जदयू और लोजपा मिलकर राज्य मे एनडीए को 50 से 55 सीटें आ रही है जो बहुमत के साथ सरकार बनता दिखाई दे रहा है। वही आजसू के हनहट निवासी अख्तर अंसारी का कहना है कि यदि 2019 में लोहरदगा विधानसभा चुनाव परिणाम को देखते है तो 2019 में कांग्रेस को 74380 मत मिले थे, वही भाजपा को 44230 और आजसू को 39916 वोट प्राप्त हूए थे, भाजपा और आजसू के वोट को मिला दे तो 84146 वोट हो रही है जो कांग्रेस से लगभग 10000 में कुछ कम वोट से भाजपा आजसू आगे है। इस बार 2024 मे भाजपा-आजसू जदयू, लोजपा एनडीए गठबन्धन पूरी ताकत से चुनाव लड़ी है, लोहरदगा विधानसभा से पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की पत्नी एनडीए के प्रत्याशी नीरू शांति भगत भारी वोट से जीत निश्चित है।

## मतगणना केंद्र के सुरक्षा का लिया गया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड विधानसभा आम चुनाव- 2024 के तहत 23 नवंबर-2024 को मतगणना होनी है। सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा परिसर में मतगणना केंद्र बनाया गया है। इस दौरान मतगणना केन्द्र की विधि व्यवस्था का जायजा लेने हेतु 70- सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री सी0 रवि शंकर, 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री गंधम चंद्रूडू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार ने मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया द्य सर्वप्रथम सामान्य प्रेक्षकों द्वारा वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया. इसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों के साथ विधानसभावार मतगणना केंद्र/ काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया. मतगणना को लेकर स्थल पर की गयी आवश्यक तैयारियों से उपायुक्त महोदय ने सामान्य प्रेक्षकों को अवगत कराया. इस दौरान उपायुक्त महोदय ने काउंटिंग एजेंट, लेबर, अभ्यर्थी एवं पदाधिकारियों के आगमन सहित पार्किंग व्यवस्था, पानी व सम्पूर्ण तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षकों ने मतगणना कर्मियों को समय पर नास्ता व भोजन उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन हर हाल में किया जाना व आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक मतगणना केंद्र पर आवश्यक सुविधा व व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बता दें कि झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगी जिसमें सिमडेगा जिला के दोनों 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए लगभग 158 कर्मचारियों द्वारा की जानी। 71- कोलेबिरा एवं 70- सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना हेतु 14 टेबल निर्धारित किया गया है जिसमें ईवीएम (ष्ट) से गणना किया जाएगा। डाक मतपत्र हेतु 06 टेबल एवं 01 टेबल ETPBS के लिए निर्धारित किया गया है। जिसके लिए 34 गणना पर्यवेक्षक, 34 गणना सहायक एवं 34 माइक्रो ऑब्जर्वर का चयन किया गया है, जो ईवीएम गणना टेबल पर होंगे। वहीं 14 मतगणना पर्यवेक्षक, 28 गणना सहायक एवं 14 माइक्रो पर्यवेक्षक का चयन किया गया है, जो डाक मतपत्र गणना टेबल पर होंगे। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री अमृत मिंज, सिमडेगा सदर अंचलाधिकारी मो0 इम्तियाज सहित अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-भारत और नेपाल में धार्मिक व मैत्री संबंध होंगे प्रगाढ़

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में श्री महामृत्युंजय द्वार समीप श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह लड्डू प्रसाद ले जा रहे वाहन को केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। लड्डू प्रसाद श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव, मिथिला नेपाल में वितरण के लिए अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट रवाना किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ डमरूवादन, शंखनाद और वेद ऋचाओं की गूंज से हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत नेपाल के धार्मिक, सांस्कृतिक और मैत्री सम्बन्ध बहुत पुराने हैं। मिथिला नेपाल में भगवान श्री महाकाल का लड्डू प्रसाद वितरण का कदम भारत नेपाल संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायकगण अनिल जैन कालूहेड़ा, व सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, जनप्रतिनिधि विवेक जोशी, बहादुरसिंह बोरमुंडला, संजय अग्रवाल, मंदिर समिति सदस्य प्रदीप गुरुजी, राजेन्द्र गुरुजी, राजेश गुरुजी, राम गुरुजी, संभागायुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा में ममता बनर्जी पेश करेंगी वक्फ बिल, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मांगी जानकारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वक्फ से संबंधित एक नया बिल पेश करने की तैयारी में हैं। इस प्रस्तावित बिल की जानकारी लेने के लिए मंत्रालय सक्रिय हो गया है। एक अधिकारी के अनुसार, कोलकाता स्थित केंद्रीय खुफिया विभाग ने दिल्ली को इस बिल की जानकारी दी है। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इस बिल के मसौदे की मांग की है। मंत्रालय ने यह जानने की कोशिश की है कि इस बिल में वक्फ संपत्तियों को लेकर क्या प्रावधान हैं और क्या यह केंद्र के प्रस्तावित वक्फ संशोधन कानून 2024 के खिलाफ है। साथ ही, यह भी पूछा गया है कि क्या इस बिल में अल्पसंख्यकों के लिए विशेष घोषणाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का विरोध करते हुए इसे संघीय ढांचे और संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। केंद्र द्वारा लाए गए इस बिल को तृणमूल कांग्रेस ने विभाजनकारी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन बताया है। पश्चिम बंगाल सरकार 25 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपना वक्फ बिल पेश करने की योजना बना रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी से चर्चा की है। यह भी संभावना है कि बिल को पेश करने के लिए किसी मुस्लिम विधायक को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र के वक्फ संशोधन बिल 2024 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करने और राज्यों की स्वायत्तता पर हमला बताया है।

# सीमाओं पर जवानों के साथ तैनात हो सकेंगे रोबोटिक डॉग

एजेंसी

**जैसलमेर :** देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग एक मीटर से 10 किलोमीटर की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी या एलटीई का उपयोग 10 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा। रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छिपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी।

**एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है।**



### ग्रेटर नोएडा-टूरिज्म, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी में निवेश करेगा ऑस्ट्रिया

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के लिए बृहस्पतिवार का दिन बहुत खास रहा। पहली बार ऑस्ट्रिया का 24 सदस्यीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंचा। उत्तर प्रदेश में निवेश की उम्मीदों के बीच नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उपलब्ध संसाधनों और सरकारी नीतियों पर प्रतिनिधिमंडल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और टेक्नोलॉजी पर निवेश की इच्छा जताई। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया भी इस दौरान मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति ने उत्कल केशरी डॉ. हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती समारोह का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में उत्कल केशरी डॉ हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. हरेकृष्ण महताब एक दूरदर्शी नेता थे। उनका मानना था कि केवल शारीरिक विकास ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता भी जरूरी है। डॉ. महताब प्रख्यात लेखक थे। खुद लिखने के साथ-साथ उन्होंने ओडिशा में एक स्वस्थ, सांस्कृतिक वातावरण बनाया। उन्होंने ओडिशा में कला, साहित्य और संगीत को बढ़ावा देने में बहुत योगदान दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. हरेकृष्ण महताब के ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए। उन्होंने महानदी पर बहुउद्देश्यीय बांध परियोजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हीराकुंड और अन्य परियोजनाओं के कारण, ओडिशा बिजली उत्पादन के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बन गया। ओडिशा विधानसभा, राज्य सचिवालय, राज्य संग्रहालय, विभिन्न अकादमियों और नंदनकानन चिड़ियाघर की स्थापना में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने खेलों के विकास को भी उचित महत्व दिया। उनके मार्गदर्शन में कटक में बाराबती स्टेडियम बनाया गया था। तत्कालीन बॉम्बे प्रांत के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कई लोक कल्याणकारी कार्य किए और उस विशाल अविभाजित बॉम्बे प्रांत के लोगों का सम्मान अर्जित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. हरेकृष्ण महताब देशभक्ति को देश के विकास का आधार मानते थे। उन्होंने अपने बयानों और लेखन के माध्यम से राष्ट्रवादी विचारों के साथ नागरिकों को प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका नेतृत्व कौशल और राष्ट्रवादी विचार हमेशा हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

## बंग्लादेश के बौद्ध अनुयायियों ने भारत सरकार से मांगी तीर्थयात्रा वीजा सुविधा

एजेंसी

**कुशीनगर:** तख्तापलट के पूर्व भारत आने के लिए टूरिस्ट वीजा प्राप्त किए बंग्लादेश के बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने भारत सरकार से टूरिस्ट वीजा जारी करने की मांग की है। तीर्थयात्रियों ने गुरुवार को कुशीनगर में महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन पूजन किया और शोभा यात्रा निकाली।

प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विश्व शांति व बांग्लादेश और भारत के मध्य मैत्रीपूर्ण सम्बंधों की मजबूती के लिए विशेष प्रार्थना किया। उल्लेखनीय है कि हर साल नवंबर दिसंबर में बंगलादेश से हजारों की संख्या में पर्यटक बौद्ध सर्किट के कुशीनगर, सारनाथ, बोधगया, श्रावस्ती, लुंबनी आदि में दर्शन पूजन के लिए आते हैं। किंतु तख्तापलट के बाद भारत सरकार ने टूरिस्ट वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। इस कारण इस साल बेहद कम संख्या में पर्यटक आ रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में बंग्लादेश के शिबली तीर्थ तरंग के 60 सदस्यीय यात्रियों के ग्रुप लीडर उदयन बरुआ ने बताया कि अपने ही देश में बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भय के साए में रहने को विवश हैं। वहां अनिश्चितता की स्थिति है। वहां हम लोग असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमारे लिए पवित्र भूमि है। प्रत्येक बंग्लादेशी बौद्ध भारत आकर बौद्ध तीर्थ स्थलों पर पूजा करना चाहता है। पहले भारत सरकार हमें तीर्थयात्रा वीजा देती थी। इसका कोटा था लेकिन अब इस वीजा की सुविधा नहीं मिलने से हमें भारत आने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बरुआ ने भारत सरकार से पुनः तीर्थयात्रा वीजा सुविधा बहाल करने की मांग की है।

कुशीनगर आने वाला बंग्लादेशी पर्यटकों का यह पहला ग्रुप है। ग्रुप में भिक्षु बुद्धपाल, वीरसिंधु बरुआ, शीलप्रभा बरुआ, तपन कुमार बरुआ, रत्ना बरुआ, चित्रसेन बरुआ, दया बरुआ, भिक्षु धम्मानन्द, भिक्षु बुद्धप्रिय, भिक्षु धम्मप्रिय, भिक्षु कल्याणमित्र, शामिल हैं।

# पर्यावरणविद डॉ. कौशल व पार्षद अमित ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के इटकदाग पंचायत के सुगरी गांव में मुखदेव यादव के श्राद्ध पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला गायन मुकाबला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल उनके पुत्र रामजतन यादव एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। वनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई।पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों को अपना कर किसी कार्यक्रम का शुरुआत केक और फीता काटकर करना छोड़ दे। अगर उसके स्थान पर सभी लोग एक-एक पौधा लगाएं तो एक साल में करोड़ों पेड़ों का इजाफा हो जाएगा। जिससे करीब दो वर्षों के भीतर भीषण गर्मी व जल संकट के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शत्रु प्रदूषण से आजादी मिल सकती है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि देश को भीषण गर्मी, प्रदूषण और भीषण जल संकट से मुक्ति पाना है तो लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना ही होगा।दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

बिहार से आये व्यास गुडु हलचल और झारखंड के व्यास अखिलेश यादव ने अपने गायिकी से लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में पंचायत हुटुकदाग के मुखिया राजेंद्र सिंह, चिरु पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव,डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी ,स्व मुखदेव यादव के पुत्र रामजतन यादव, कामेश्वर यादव, राम रतन यादव, जगदीश यादव, रिश्तेदार, प्रभु यादव आदि शामिल थे।



### ओडिशा के मालकानगिरी में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, एक जवान घायल

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मालकानगिरी जिले के जिनेलगुडा के पास गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। इस दौरान एक जवान घायल हुआ है। ओडिशा पुलिस मुख्यालय के अनुसार घायल जवान की पहचान डंबुर बड़ नायक के रूप में हुई है। उनको निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पैर में दो गोलियां लगी हैं। ओडिशा पुलिस मुख्यालय ने इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार कुछ नक्सली छत्तीसगढ़ से साबेरी नदी पार कर मालकानगिरी की ओर बढ़ रहे थे। इसके आधार पर जवानों ने उस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों का का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान एक नक्सली मारा गया और एक जवान घायल हो गया।

## आसियान बैठक में राजनाथ द. कोरिया, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड के अपने समकक्षों से मिले, रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को वियनतियाने लाओ पीडीआर में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के दौरान कोरिया गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून, ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग और क्षमता वितरण मंत्री पैट कॉनरॉय और न्यूजीलैंड की रक्षा मंत्री सुश्री जूडिथ कोलिन्स से मुलाकात की। इनके साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इससे पहले राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन के साथ भी बैठक की थी।

**कोरिया गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के साथ बैठक:** कोरिया गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि द्विपक्षीय रक्षा सहयोग सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके बावजूद चुनौतियों और खतरों की समानता के कारण मजबूत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की आवश्यकता है। दोनों पक्ष रक्षा नीति संवाद (डीपीडी) जैसे स्थापित तंत्रों के माध्यम से फरवरी 2020 में हस्ताक्षरित 'रक्षा उद्योग निगम के लिए रोड मैप' पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए। डीपीडी का अगला संस्करण दिसंबर 2024 में निर्धारित है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास में वृद्धि की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कोरियाई पक्ष को भारत के रक्षा गलियारों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसमें कोरियाई कंपनियों के लिए भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए अच्छा अवसर हैं। राजनाथ सिंह ने किम योंग ह्यून को कोरिया का रक्षा मंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई भी दी।



## विकसित भारत के सपने में अनाथ बच्चों का भविष्य होगा उज्ज्वल : सावित्री ठाकुर



एजेंसी

**लखनऊ:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गुरुवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024 के तहत ÷फॉस्टर केयर और दत्तक ग्रहण के माध्यम से बड़े बच्चों का पुनर्वास÷ विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दत्तक ग्रहण जागरूकता माह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने में अनाथ बच्चों को उज्ज्वल भविष्य, अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य मिले, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया को 2015 में ऑनलाइन कर आसान और पारदर्शी बना दिया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) अनाथ बच्चों का पालन पोषण तथा उनके बेहतर भविष्य के लिये कार्य कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कारा अनाथ बच्चों का पालन, पोषण व देखभाल बहुत अच्छी तरह से कर रहा है। कारा ने गोद लेने से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ एक बड़े अभियान की योजना बनाई है, जिसमें उन बच्चों को गोद लेने पर जोर दिया जाएगा जो अधिक उम्र के हैं, जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं। दत्तक ग्रहण जागरूकता माह एक वार्षिक कार्यक्रम है जहां कारा और उसके सभी हितधारक गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ आते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देश में कानूनी गोद लेने को बढ़ावा देने के लिए नवंबर माह को राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के रूप में मनाता है। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष का अभियान भी जागरूकता बढ़ाने के लिए दोनों रूपों ऑफ़लाइन और ऑनलाइन गतिविधियों में विभाजित है।

### देश के 82 युवा कलाकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली :** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में देशभर के 82 युवा कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी करेंगी। इस समारोह के बाद 22 से 26 नवंबर, 2024 तक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेता तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कला महोत्सवों में भाग लेंगे। जिसमें मेघदूत थिएटर कॉम्प्लेक्स, रवींद्र भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली; अभिमंच थिएटर, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, भावलपुर हाउस, नई दिल्ली और विवेकानंद ऑडिटोरियम, कथक केंद्र, चाणक्यपुरी शामिल हैं।

# दिल्ली आबकारी घोटाला : आरोपित कोर्ट में वर्चुअल हुए पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में आरोपित एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता दुर्गेश पाठक, विजय नायर और बीआरएस नेता के. कविता गुरुवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को करने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 11 सितंबर को दुर्गेश पाठक को एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 3 सितंबर को केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 23 अगस्त को सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई है। 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार होने वाले लोगों में केजरीवाल, सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, के. कविता शामिल हैं। इस मामले में केजरीवाल, संजय सिंह, सिसोदिया और कविता को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुका है।ईडी ने 21 मार्च को देर शाम को केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें बीआरएस नेता कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। कोर्ट ने 29 मई को छठे पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कविता को सीबीआई और ईडी के मामले में जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर को केजरीवाल को सीबीआई के मामले में नियमित जमानत दी थी। उसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को ईडी के मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी।

